अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 303 | लखनऊ, गुरुवार, 22 मई 2025 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### पहलगाम खुफिया विफलता के लिए अमित शाह जिम्मेदार: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले को सुरक्षा चूक बताते हुए इसे ख़ुफ़िया तंत्र की बड़ी विफलता करार दिया और कहा कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह आतंकी हमला पूरी तरह से खुफिया विफलता और सुरक्षा की चूक है और इसकी जिम्मेदारी श्री शाह को लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के घटनास्थल पर न तो कोई सुरक्षा पोस्ट थी, न ही कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद था जबकि श्री शाह ने हमले से कुछ दिन पहले ही सुरक्षा का जायजा लिया था और कहा था कि सब ठीक है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि 17 अप्रैल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया था।

### भारत ने पाक उच्चायोग के एक ओर अधिकारी को देश छोड़ने के लिए कहा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक और अधिकारी को अवांछित घोषित कर 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले भी सरकार ने एक अधिकारी को 'पर्सोना नॉन ग्रेटा' घोषित किया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के विपरीत गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। एक बयान में मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी डी'अफ़ेयर्स को आज बुधवार को इस आशय का एक डिमार्शे जारी किया गया

### मुंबई-कोलकाता सहित देश के कई शहरों में ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अलग-अलग टीमों ने बुधवार को मुंबई, बेंगलुरु, जालंधर, इंदौर और कोलकाता सहित देश के कई शहरों में छापेमारी की। छापेमारी की ये कार्रवाई एक फर्म में कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने तलाशी अभियान के दौरान करीब 6.43 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्राएं जब्त कीं। इनमें अमेरिकी डॉलर, सिंगापुर डॉलर और दिरहम शामिल हैं।

## 27 नक्सली ढेर, एक जवान बलिदान

- 76 जवानों का हत्यारा, झीरम हमले का साजिशकर्ता 1.5 करोड़ का इनामी नक्सली केशव का मारा जाना ऐतिहासिक उपलब्धि

एजेंसी



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर व दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अंतर्गत अबूझमाड़ के बोटेर इलाके में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पोलित ब्यूरो के शीर्ष सदस्य डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली नम्बाला केशव राव उर्फ बशव राजू सहित अब तक 27 नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं कई अन्य बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना है। मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ स्थल से 27 नक्सलियों के शव के साथ अनेक हथियार बरामद होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान डीआरजी का एक जवान बलिदान हुआ है। वहीं मुठभेड़ में कुछ अन्य जवान घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। वे सभी खतरे से बाहर हैं। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी।

छत्तीसगढ़ गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के खिलाफ मिली इस बड़ी सफलता पर सुरक्षा बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि अबूझमाड़ में नक्सलवाद को गहरी चोट लगी है। नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस मुठभेड़ में ढेर हुआ है। देश भर में चल रहे नक्सल संगठन के प्रमुख और नक्सली संगठन के जनरल सेक्रेटरी नम्बाला केशव राव उर्फ बसव राजू उर्फ गगन्ना को डीआरजी के जवानों ने मुठभेड़ में मार गिराया है। उन्होंने बताया कि देश भर में नक्सल संगठन के संचालन की जिम्मेदारी बसवा राजू पर थी। नक्सलवाद और नक्सल मोर्चे पर जवानों को ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि डीआरजी के जवानों ने नक्सल मोर्चे पर इतिहास रचा है। नक्सली संगठन के जिस शीर्ष नेतृत्व को देश भर की सुरक्षा एजेंसियों को तलाश थी उसे डीआरजी के जवानों ने मार गिराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो सदस्य, माड़ डिवीजन के बड़े कैडर एवं पीएलजीए कैडर के मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव की डीआरजी टीमें अबूझमाड़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थींद्य विगत कई दिनों से लगातार जारी इस नक्सल विरोधी अभियान से प्राप्त सभी तथ्यों और जानकारियों के पश्चात अनुमान है कि अभियान के दौरान कई बड़े कैडर के नक्सली या तो मारे गए हैं अथवा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और अनेक हथियार बरामद किए गए हैं।

## केंद्र सरकार की सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील, वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना उचित

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दूसरे दिन बुधवार को सुनवाई की और गुरुवार को भी सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार के रुख का बचाव किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस्लामी परंपरा संबंधित वक्फ इस्लाम के तहत एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं हैऔर वक्फ बोर्ड धर्मनिरपेक्ष प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसलिए ऐसे बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करना संविधान के दायरे में है। श्री मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। दान हिंदू धर्म और ईसाई धर्म सहित हर धर्म में मौजूद है, लेकिन शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि दान एक अनिवार्य धार्मिक प्रथा नहीं है। इसी तरह वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन, उचित खाते और ऑडिट सुनिश्चित करना, सभी प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं।उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में अधिकतम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होने से वक्फ के धार्मिक स्वरुप पर कोई असर नहीं पड़ता है, क्योंकि ये बोर्ड धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं।कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिकाओं सहित अन्य में वक्फ कानून के संशोधन को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि यह अनुच्छेद 26 के तहत मुस्लिम समुदाय के अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने के अधिकार का उल्लंघन करता है।उनका आरोप है कि संशोधन चुनिंदा रूप से मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्तों को लक्षित करता है। साथ ही, अनुचित रूप से कठोर पंजीकरण आवश्यकताओं को लागू करता है।वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को 3 अप्रैल को लोकसभा और 4 अप्रैल को राज्यसभा ने पारित किया और 5 अप्रैल को राष्ट्रपति ने इस पर हस्ताक्षर किए। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, वक्फ कानून में संशोधन ऐतिहासिक मस्जिदों, कब्रिस्तानों और धर्मार्थ संस्थानों को उनकी धार्मिक स्थिति से वंचित कर सकता है, यदि उनके पास औपचारिक वक्फ विलेख नहीं हैं। श्री मेहता ने वक्फ कानून के दुरुपयोग संबंधी चिंताओं का जवाब देते हुए कहा कि 2013 के संशोधन के बाद भूमि (वक्फ से संबंधित) में 116 की वृद्धि हुई है, जो निजी और सार्वजनिक भूमि पर वक्फ दावों के व्यापक दुरुपयोग के संबंध में इशारा करता है।

## प्रधानमंत्री आज राजस्थान को देंगे 26 हजार करोड़ की सौगात

एजेंसी



- राजस्थान से ही देश के 103 अमृत भारत के तहत पुनर्विकसित किए गए स्टेशनों का करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

बीकानेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहेंगे। भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजस्थान में उनका पहला दौरा है। इसको लेकर आमजन, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में खासा उत्साह हैं। प्रधानमंत्री के स्वागत में बीकानेर जिले के मुख्य रास्तों पर होर्डिंग्स और बैनरों के साथ सजावट की गई है। इस दौरान जहां प्रधानमंत्री राजस्थान से ही देश के 103 अमृत भारत के तहत पुनर्विकसित किए गए स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, वहीं राजस्थान को 26 हजार करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष विमान गुरुवार को सुबह 9:45 बजे बीकानेर के नाल एयरबेस पर उतरेगा। एयरबेस पर थोड़ी देर रुकने के बाद प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से देशनोक के लिए रवाना होंगे। देशनोक पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले विश्वविख्यात करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। यहां पूजा-अर्चना के बाद वह देशनोक रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे, जिसे ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री देशनोक, बूंदी, मांडलगढ़ और गोगामेड़ी समेत देशभर के कई रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा बीकानेर से मुंबई के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी कराया जाएगा।

## दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें: योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा, देशभर के दिव्यांग युवाओं के लिए शिक्षा का केंद्र बने उत्तर प्रदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की बुधवार को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं।

### प्रदेश में कोविड संक्रमण के मामले में चिंता जैसी कोई बात नहीं : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोविड-19 के नए उपवेरिएंट जेएन-वन (ख्वा.1) से संबंधित वैश्विक और राष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

## न्यायिक रिक्तियों संबंधी जनहित याचिका की सुनवाई से फिर हटे जज, चौथी बार बदलेगी बेंच

- कॉलेजियम का सदस्य होने पर सुनवाई से खुद को जस्टिस त्रिपाठी ने किया अलग अब ग्रीष्मावकाश के बाद जुलाई में नई खंडपीठ के समक्ष होगी सुनवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायिक रिक्तियों को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई से बुधवार को न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी ने स्वयं को अलग कर लिया। यह चौथी बार है जब इस जनहित याचिका की सुनवाई न्यायाधीशों द्वारा स्वयं को अलग करने के कारण स्थगित हुई है।अब ग्रीष्मावकाश के बाद जुलाई में नई खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई की जाएगी।

सबसे पहले स्वयं मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले की सुनवाई से इनकार किया था। इसके बाद याचिका न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी की पीठ को सौंपी गई, लेकिन एक तकनीकी त्रुटि के कारण यह न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष सूचीबद्ध हो गई। इसके बाद इसे पुनः न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने याची वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश त्रिवेदी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनीं और माना कि याचिका दाखिल होने के बाद से अब तक कुछ न्यायाधीशों की नियुक्ति हो चुकी है। यह भी रेखांकित किया कि न्यायालय ने स्वयं इस विषय पर न्यायिक संज्ञान भी लिया है। साथ ही न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि अब वह हाईकोर्ट कॉलेजियम का हिस्सा बन चुके हैं, इसलिए इस याचिका पर सुनवाई करना उचित नहीं होगा। इसी आधार पर उन्होंने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया।

गौरतलब है कि 15 मई को न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने के बाद न्यायमूर्ति त्रिपाठी, मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के साथ हाईकोर्ट कॉलेजियम में शामिल हो गए हैं। इससे पहले जब न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी कॉलेजियम के सदस्य नहीं थे और वरिष्ठता क्रम में चौथे स्थान पर थे। तब मुख्य न्यायाधीश ने इस याचिका को उनकी अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया था। पिछली सुनवाई में न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी ने इस विषय पर चिंता व्यक्त हुए राज्य सरकार तथा हाईकोर्ट प्रशासन से स्पष्ट निर्देश प्राप्त करने को कहा था। उन्होंने इस मामले को 21 मई के लिए फ्रेश टॉप 10 मामलों में सूचीबद्ध करने का निर्देश भी दिया था।


## नक्सल-मुक्त भारत अब दूर नहीं: केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार देश की सीमाओं से लेकर आंतरिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। 'नक्सल-मुक्त भारत' अब दूर नहीं, और जिन इलाकों में एक समय 'लाल आतंक' हावी था, वहां अब 'विकास की नई सुबह' हो रही है। उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा पिछले 5 महीनों में ही 150 से अधिक हार्डकोर नक्सलियों को ढेर किया गया है। 'वामपंथी उग्रवाद की रीढ़' लगातार तोड़ी जा रही है। सुरक्षा बलों के अभियान में कई टॉप कमांडरों का भी काम तमाम कर दिया गया है। आगे लिखा कि पशुपति से तिरुपति तक 'लाल आतंक' का नारा देकर तथाकथित 'लाल गलियारा' बनाने का सपना देखने वालों को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 'दिन में तारे' दिखा दिए हैं। इस लाल गलियारे में कभी 11 राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग 90 ज़िले शामिल रहे हैं। परंतु पिछले 11 वर्षों में विशेष रूप से केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा चलाए गए आक्रामक अभियानों के चलते अब नक्सली प्रभाव मात्र कुछ ज़िलों तक सिमट कर रह गया है।

## उरई में स्वतंत्र देव सिंह ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जालौन। प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतंत्र देव सिंह ने उरई विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में विधिवत लोकार्पण किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और यह लोकार्पण उसी का उदाहरण है। इस अवसर पर मंत्री जी ने कुल रु. 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। रु. 39.42 लाख की लागत से राठ-अजनारी लिंक रोड से अजय यादव के घर होते हुए बलवीर सिंह सेंगर, इन्द्रा नगर तक सीसी रोड एवं नाली का निर्माण।

रु. 24.07 लाख की लागत से धर्मा पैलेस के पास से रामेश्वर गुबरेले और प्रभा श्रीवास्तव के मकान तक लगभग 215 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण। रु. 16.51 लाख की लागत से कालपी रोड पर चौरासी मोड़ से रीना सिंह के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण। रु. 11.37 लाख की लागत से झांसी-कानपुर रोड एनएच-25 से श्रीकांत तिवारी के मकान होते हुए गिरजा शंकर के मकान तक सीसी रोड निर्माण। रु. 9.68 लाख की लागत से वार्ड नंबर 9 इखलासपुरा बाईपास से संजीव चंसौलिया के मकान तक सीसी रोड का निर्माण।

## चंडोला में दूसरे दिन भी गरजा बुलडोजर

एजेंसी

- 20 अवैध धार्मिक स्थलों पर चला बुलडोजर
- मेगा डिमोलिशन फ़ेज-2 के दूसरे दिन 9 छोटी-बड़ी मस्जिदों समेत मंदिरों का अतिक्रमण हटाया





अहमदाबाद। अहमदाबाद के चंडोला तालाब के पास अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी है। इस दौरान प्रशासन ने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया, जिसमें मस्जिद और दरगाह के साथ छोटे-बड़े मंदिर भी शामिल थे। चंडोला तालाब की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में 3000 अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए थे। प्रशासन का कहना है कि किसी धर्म या संप्रदाय को नहीं बल्कि जिसने भी अवैध निर्माण किया है, उसे हटाया जा रहा है। चंडोला तालाब में 9 छोटी-बड़ी मस्जिदें हैं। सिराज नगर स्थित सिराज मस्जिद को सुबह तोड़ा गया। लल्ला बिहारी के फार्म के पास स्थित अली मस्जिद को भी तोड़ा गया है। इसके अलावा देवीपूजक समाज के भी 3 मंदिर शामिल हैं, जिसका डिमोलिशन किया गया है। उल्लेखनीय है कि 20 मई को सुबह 6:30 बजे से शाम 5 बजे तक अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (एएमसी) ने मशीनरी की मदद से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जिसमें करीब 35 हिटाची मशीन और 15 जेसीबी मशीनों के उपयोग करते हुए एक ही दिन में चंडोला तालाब में 8500 छोटे-बड़े कच्चे और पक्के मकान तोड़ दिए गए। चंडोला तालाब की 2.5 लाख वर्ग मीटर जगह से अधिकांश अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए 3 हजार से अधिक पुलिस के जवान स्थल पर डटे रहे। यहां लोगों को घर देने की भी प्रक्रिया के तहत 3800 लोगों को आवास के लिए फॉर्म दिए गए हैं। एएमसी अधिकारी के अनुसार मंगलवार को एक ही दिन में सभी अतिक्रमण हटा लिया जाता लेकिन गर्मी में लगातार मशीनें काम कर रही थी जिसके कारण मशीनें खराब हो गईं और इस वजह से समय व्यर्थ हुआ।

पिछले दो दिनों से एएमसी और पुलिस की ओर से चंडोला तालाब में मेगा डिमोलिशन की प्रक्रिया चल रही है। कई लोगों के घर टूट चुके हैं और उनके पास रहने की कोई व्यवस्था न होने के कारण म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के यूसीडी विभाग ने उन्हें वासणा के शेल्टर होम में स्थानांतरित किया है। एएमसी ने पिछले दो दिनों में कुल 33 लोगों को दो बसों के माध्यम से वासणा के एएमसी के शेल्टर होम में पहुंचा कर उनके रहने की व्यवस्था की है। सभी आश्रित लोगों को भोजन, पानी, कमरे आदि की व्यवस्था प्रदान की गई है। जो भी चंडोला तालाब के बेघर लोग हैं, उन्हें अपना आश्रय पाने के लिए एएमसी की ओर से ईसनपुर बस डिपो पर शेल्टर होम में ले जाने की व्यवस्था की गई है।

# बुनियाद मजबूत कर बच्चों की प्रतिभा निखार रही योगी सरकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## हर बच्चे को सशक्त व सक्षम बना रही सरकार: संदीप सिंह



लखनऊ। आज जब पूरी दुनिया अपनी शिक्षा व्यवस्था को विकसित करने में लगी है, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार निपुण भारत मिशन के ज़रिये बच्चों की प्रतिभा को निखारते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत कर रही है। इस मिशन के माध्यम से सरकार प्राथमिक शिक्षा में साक्षरता और गणना के ज़रिये हर बच्चे को दक्ष बना रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर, सशक्त और भविष्य में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि के तहत 2026-27 तक बालवाटिका से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों को पढ़ाई, लिखाई और गणना में ग्रेड स्तर की दक्षता दिलाई जाएगी। यह कदम बच्चों की शिक्षा की बुनियादी नींव को मजबूत करने और उन्हें आगे चलकर समाज के सक्रिय, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक साबित होगा। इस पहल में बच्चों को केवल शैक्षणिक ज्ञान नहीं, बल्कि उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार ने शैक्षणिक संसाधनों की उपलब्धता में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, बिग बुक्स, गणित किट, लाइब्रेरी बुक्स और 'तालिका' जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री सभी प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराई गई है, ताकि बच्चों को रुचिकर एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से शिक्षा मिल सके। मिशन के अंतर्गत शिक्षकों को प्रभावी एवं सुनियोजित कक्षा शिक्षण के लिए 'शिक्षक डायरी' उपलब्ध कराई गई है, जिसमें शिक्षण योजना से लेकर मूल्यांकन तक की रणनीति को क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत किया गया है। इससे बच्चों की साक्षरता और गणना क्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि निपुण भारत मिशन से सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की इबारत लिख रही है और शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रच रही है। यह मिशन उत्तर प्रदेश को शिक्षा के मामले में राष्ट्र में अग्रणी बनाएगा और राज्य के हर बच्चे को सशक्त व सक्षम बनाने की दिशा में स्थायी परिवर्तन लाएगा। यह पहल न केवल शिक्षा में सुधार का प्रतीक है, बल्कि राज्य के विकास और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम भी है। मिशन के ज़रिये बच्चों के सम्पूर्ण विकास, साक्षरता और गणना में दक्षता को सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि वे आने वाले समय में हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहें।

# केजीएमयू में न्यूरो पेन क्लिनिक प्रारंभ



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के न्यूरोलॉजी विभाग ने एक विशेष न्यूरो पेन क्लिनिक की शुरुआत की गई। यह पहल विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश वर्मा एवं डॉ. अंकित खेतान, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, न्यूरोलॉजी विभाग के नेतृत्व में प्रारंभ की जा रही है। न्यूरो पेन क्लिनिक का उद्घाटन बुधवार को किया। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि न्यूरो पेन क्लिनिक प्रत्येक द्वितीय और चतुर्थ बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक, न्यूरोलॉजी विभाग में कमरा नंबर 110 (प्रथम तल), संचालित होगी। इसका संचालन डॉ. अंकित खेतान करेंगे। यह क्लिनिक दीर्घकालिक और जटिल न्यूरोलॉजिकल एवं मस्कुलोस्केलेटल दर्द से ग्रस्त रोगियों को समर्पित, विशेषीकृत इलाज प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि यह पहल न्यूरोलॉजी विभाग की ओर से दर्द प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मरीजों को समग्र, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, एवं डॉ. मनीष कुमार सिंह, प्रोफ़ेसर पेन एवं एनस्थीसियोलॉजी विभाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सिरदर्द (माइग्रेन एवं टेंशन टाइप), कार्पल टनल सिंड्रोम, ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया, मायोफ़ेशियल पेन सिंड्रोम, डि-क्वेर्वेंस टेनोसाइनोवाइटिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस से संबंधित दर्द, सैक्रोइलिएक ज्वाइंट पेन, एपिकॉन्डाइलाइटिस (टेनिस/गोल्फर एल्बो), अल्ट्रासाउंड गाइडेड फ्रोजन शोल्डर, लोअर बैक पेन, हाइपरहाइड्रोसिस, स्ट्रोक के बाद की सेंट्रल पेन सिंड्रोम।

# पाकिस्तान के नाम से कांग्रेस की 'रीढ़ नरम' क्यों हो जाती है : केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत की नीति के हिसाब से पाकिस्तान हमारा दुश्मन देश है। तब पाकिस्तान के नाम से कांग्रेस की 'रीढ़ नरम' क्यों हो जाती है? कांग्रेस के अपने मुख्यालय के रहते नई दिल्ली में पाकिस्तान को अपना दूतावास खोलने की ज़रूरत ही नहीं है।उप मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' पर राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगे लिखा कि यह दिवस आतंकवाद व उग्रवाद के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने और शांति व एकता के संकल्प को दोहराने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आज का भारत अब न आतंक बर्दाश्त करेगा और न ही आतंकियों को। यही नीति राष्ट्र की सुरक्षा को नई मजबूती भी प्रदान कर रही है। आइए, हम सभी मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हों और सुरक्षित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

# पत्नी को चाकू से गोदकर सड़क किनारे फेंका, डेढ़ साल पहले लव मैरिज की

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में पति ने पत्नी को चाकू से गोदकर मार डाला। सीने में कई बार चाकू मारा गया है। इसके बाद एक्सीडेंट दिखाने के लिए सड़क किनारे शव को फेंक दिया। दोनों ने डेढ़ साल पहले लव मैरिज की थी। बताया जा रहा है कि दोनों की ही यह दूसरी शादी थी। शादी महिला की खाला ने कराई थी। शादी के बाद से दोनों घर से अलग थोड़ी दूर पर रहते थे। पति को पहली शादी से 3 बच्चे हैं। वहीं, पत्नी को पहली शादी से 6 साल की लड़की है जो उसके खाला के साथ रहती है। घटना मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र की है। आरोपी पति आसिफ सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के सेवई का रहने वाला है। उसने शव को मऊ हुलासखेड़ा मार्ग पर राजाखेड़ा के पास फेंक दिया। आसपास से गुजर रहे लोगों को शव दिखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को मोहनलालगंज सीएचसी में रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान मुस्कान (35) के रूप में हुई है।

# उत्तर प्रदेश क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में तेजी से अग्रसर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। स्वस्थ नागरिक राष्ट्र की समृद्धि के आधार स्तम्भ होते है। किसी भी देश व प्रदेश की प्रगति का मापदंड उसमे निवास करने वाले नागरिक के स्वास्थ्य की स्थिति से ही जाना जाता है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने क्षय रोग मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये है।

प्रदेश में क्षय रोगियों को बेहतर आधुनिक जांच उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला नेटवर्क का विस्तार किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 926 नैट मशीनें एवं 14 कल्चर डीएसटी प्रयोगशाला के द्वारा प्रदेश के क्षय रोगियों को निःशुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में 25 नोडल ड्रग रेजिस्टेंट टीबी केंद्र एवं 56 जनपदीय ड्रग रेजिस्टेंट टीबी केंद्र दवा प्रतिरोधी टीबी का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। नोडल डीआरटीवी सेन्टरों में एमडीआर/एक्सडीआर क्षय रोगियों हेतु बीडाक्यूलीन एवं डिलामिनिड आधार रेजीमेन उपचार हेतु उपलब्ध है।

वर्ष 2024 में एक्टिव केस फाइंडिंग गतिविधि अभियान के दौरान कुल 15,321 टीबी के मामलों को डायग्नोज एवं उनका उपचार किया गया है। साथ ही 2.45 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए 90 हजार नये टीबी मरीजो की पहचान करते हुए इलाज शुरू किया गया है। टी0बी0 मुक्त स्थिति की दिशा में प्रगति के प्रमाणन के तहत 7 जिलों हापुड़, कौशांबी, संत रविदास नगर, शामली, बलरामपुर, उन्नाव, सोनभद्र को कांस्य पदक में और 04 जिलों जालौन, मुजफरनगर, बुलंदशहर, पीलीभीत को रजत पदक से वर्ष 2022-23 में भारत सरकार द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च, 2023 के अवसर पर सम्मानित किया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में क्षय रोगियों के नमूनों को माइक्रोस्कोपिक सेंटर से जनपद मुख्यालय तथा कल्चर प्रयोगशाला तक पहुंचाने हेतु डाक विभाग से राज्य स्तर पर अनुबंध किया गया है जिससे संबंधित प्रयोगशाला में नमूनों को शीघ्र पहुंचाया जा रहा है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) पर प्रत्येक माह की 15 तारीख को निःक्षय दिवस मनाया जा रहा है जिसमें संभावित क्षय रोगियों को चिन्हित कर उनका उपचार शुरू करना, टीबी के इलाज छोड चुके मरीजों को पुनः उपचार में लाना एवं निक्षय पोषण योजना डीबीटी हेतु बैंक विवरण की इन्ट्री करना प्रमुख है। प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत क्षय रोगियों को प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनों/लोकोपकारी संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा गोद लिया जा रहा है। दिनांक 17 फरवरी, 2025 तक निक्षय पोर्टल के आंकडानुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में कुल 3.53 लाख क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। प्रदेश में जून 2021 से प्रति माह दो बार दवा प्रतिरोधी टीबी के जटिल मामलों पर ''डिफिकल्ट टू ट्रीट टीबी क्लीनिक'' वर्चुअल माध्यम से चर्चा की जा रही है एवं उसका समाधान करने के लिए प्रदेश के समस्त मेडिकल कालेज के क्षय रोग विशेषज्ञ द्वारा जटिल क्षय रोग केस की विस्तृत चर्चा से राममान करते है। प्रदेश के चार ड्रग स्टोर आगरा, लखनऊ बरेली तथा वाराणसी से सम्बद्ध जनपदों को आवंटित औषधियों/जनपदीय ड्रग स्टोर के माध्यम से समस्त क्षय रोगियों को उपलब्ध करायी जाती है। स्टेट टीबी ट्रेनिंग एण्ड डिमॉन्सट्रेशन सेन्टर (एसटीडीसी) आगरा को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हेतु उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित किया गया है तथा समस्त एनटीईपी के कर्मचारियों एवं चिकित्सको को प्रशिक्षण आवश्यकतानुसार दिया जा रहा है। वर्तमान में एसटीडीसी-एसजीपीजीआई लखनऊ एवं 100 शैय्या टीबी अस्पताल/चारु चंद्रदास मेमोरियल टीबी अस्पताल, गोरखपुर में स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त क्षय रोगियों की एचआईवी की जांच एवं उपचार निःशुल्क, टीबी-एचआईवी समन्वय कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों की एचआईवी की जांच 99 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में 6.50 लाख क्षय रोगियों के निर्धारित नोटीफिकेशन लक्ष्य के सापेक्ष कुल 6,81,655 क्षय रोगी निक्षय पोर्टल पर पंजीकृत किये गये है। वर्तमान में प्रदेश में इलाज की सफलता दर वर्ष 2017 में जहाँ 29 प्रतिशत थी वह बढ़कर 2024 में 94 प्रतिशत हो गई है। भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त क्षय रोगियों को डीबीटी के माध्यम से रू 500/- प्रति माह की दर को बढ़ाकर 01 नवम्बर 2024 से रु.1000/- प्रति माह कर दिया गया है। प्रदेश में दिनांक 17.02.2025 तक 28.31 लाख क्षय रोग लाभार्थियो को रू. 820.32 करोड़ का भुगतान किया गया है। टीबी रोगियों में से 90 प्रतिशत मरीजों की एचआईवी और 97 प्रतिशत मरीजों की मधुमेह की स्थिति ज्ञात है। प्रदेश में 05 क्षेत्रीय क्षय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (आरटीपीएम) आगरा-17 लखन्ऊ-18 बरेली-18 गोरखपुर 10 एवं वाराणसी-11 से सम्बधित जनपदों के एनटीईपी के संकेतांको की समीक्षा एवं पर्यवेक्षण कर इलाज लगातार करते हुए क्षय रोग मुक्त प्रदेश बनाने में ठोस कार्य किये जा रहे है।

# धूप खिली, सुबह से चल रही तेज हवा,मौसम विभाग ने बूंदाबांदी की संभावना जताई

लखनऊ। लखनऊ में तेज धूप है। सुबह से हवा चल रही है। सुबह बादल घिर आए थे। मौसम विभाग का कहना है कि आज बारिश के साथ बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इस दौरान बादलों की गरज-चमक भी हो सकती है। तेज पूर्वी हवा के चलने से पिछले दो दिनों से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं, मंगलवार देर रात न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 1.1 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह के समय में काले बादल छाए रहे। इसके बाद मौसम साफ हुआ। दोपहर में तेज धूप के साथ में तेज पूर्वी नम हवाओं का असर भी दिनभर बना रहा। पाकिस्तान से बांग्लादेश तक चल रही तेज पूर्वी नम हवाओं के प्रभाव से बुंदेलखंड को छोड़कर प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया है, लेकिन ह्यूमिडिटी में हीट इंडेक्स बढ़ने के कारण आभासी तापमान वास्तविक तापमान से अधिक होने के परिणामस्वरूप उमस भरी गर्मी अभी भी जारी है, जबकि बुंदेलखंड और आसपास के क्षेत्रों में अभी तक आ रही पछुआ के कारण बांदा और झांसी में 45 से0 से अधिक तापमान दर्ज किया गया। इस दौरान प्रदेश के तराई इलाकों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश भी रिकार्ड की गई। आगामी 24 से 48 घंटों के दौरान इन परिस्थितियों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने, 22 मई को अरब सागर में संभावित निम्न दाब क्षेत्र और इसके उत्तर दिशा की ओर बढ़ने से अरब सागर से आने वाली नम दक्षिणी-पश्चिमी हवाओं का प्रदेश में चल रही पुरवा हवाओं के साथ समागम होगा। इससे 23 मई से प्रदेश में बारिश होगी।

# प्रदेश में 30 लाख ओबीसी छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर स्थापित किया गया नया रिकॉर्ड

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उप्र सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को सशक्त बनाने और विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये है. इस कड़ी में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना -पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की यह सबसे बड़ी योजना है, जिसके लिए 2024-25 में प्राप्त बजट 02 हजार, 475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध करायी गयी, जो एक रिकार्ड है। वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 05 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को 2250 रुपये प्रति वर्ष एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को चार श्रेणियों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये दिया जाता है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में 200 करोड रुपये के बजटीय प्रबंधन से एक लाख गरीब बेटियों की शादी का अनुदान उपलब्ध कराया गया तथा इसी वर्ष में करीब 6 हजार गरीब बेटियों की शादी का अनुदान 12 करोड़ रुपये दिया गया है, जबकि वर्ष 2023-24 में केवल 105 करोड़ रुपये के बजटीय प्राविधान से 52 हजार, 553 बेटियों को शादी अनुदान से अनुदानित किया गया था। इस योजनान्तर्गत एक लाख आय सीमा के अन्तर्गत जीवन यापन करने वाले ग्रामीण अथवा शहरी ओ0बी0सी0 परिवारों को 20 हजार रुपये की धनराशि शादी अनुदान के रूप में जारी की जाती है। कंप्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु बजटीय प्राविधान रुपये 32.92 करोड़, था जिसमें 29 हजार, 769 ओबीसी प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में रू0 22.52 करोड़ के बजट से 23 हजार, 697 ओबीसी प्रशिक्षार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत 5 हजार रुपये से 'ट्रिपल सी' के प्रशिक्षण हेतु तथा 15 हजार रुपये से 'ओ लेवल' के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को दिया जाता है। छात्रावास निर्माण/अनुरक्षण योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 105 छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु 02 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रबंधन किया गया। इस योजना के अन्तर्गत पिछड़े वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास उपलब्ध कराकर लाभान्वित किया जाता है। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित इन योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया गया है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्गकल्याण विभाग ने वर्ष 2024-25 में नवाचार के माध्यम से कई महत्वपूर्ण फैसले लिये, जिसमे पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजटीय प्रबंधन 2789.71 करोड़ किया गया, जबकि वर्ष 2023-24 में 2338.63 करोड़ था, जोकि पिछले वर्ष की तुलनामें 451.08 करोड़ अधिक है।

# परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। मृतक छात्रा परीक्षा देकर लौट रही थी। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि अटारी के पास करौरा मोड़ पर ट्रैक्टर ने बाइक (यूपी 31 बीवाई 4916) को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक पर सवार थावर गांव की रहने वाले राम प्रसाद की पुत्री कंति देवी (22) की मौत हो गई। वहीं बबलू गौतम और अंकुल गौतम घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक छात्रा कंति देवी को परीक्षा दिलाकर दोनों युवक वापस घर लौट रहे थे, तभी ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। शव को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दे दी है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# पुरानी पेंशन की मांग के लिए आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पुरानी पेंशन की मांग के लिए आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक आज लखनऊ में हैं। वे तेज धूप और तपिश में भी नारेबाजी और प्रदर्शन कर रहे हैं।। संघ की ओर से लगाया गया पंडाल छोटा पड़ गया तो कुछ शिक्षक कुर्सी लेकर छांव में बैठ गए। कई जिलों से 1 हजार से ज्यादा शिक्षक लखनऊ पहुंचे हैं। पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षक निदेशक की शिविर कार्यालय में शिक्षकों का प्रदर्शन चल रहा है। जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। धरना दे रहे शिक्षक पुरानी पेंशन लागू करने की मांग कर रहे हैं। इनका कहना है कि सीएम योगी ईमानदार हैं, पर इनको अफसर गुमराह कर देते हैं। इसी वजह से पुरानी पेंशन लागू नहीं हो रही है। कहा सरकार ने पुरानी पेंशन के लिए 2005 से पहले नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों को मान्यता दी है। ऐसे में उनकी नियुक्ति 2003 से पहले की है, लेकिन पुरानी पेंशन की सुविधा नहीं दी गई। आदर्श शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आशा लता सिंह ने बताया बताया कि साल 2001 2300 से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी तब माध्यमिक शिक्षक परिषद में वित्तीय कारणों से असमर्थता जताते हुए मानदेय पर इन शिक्षकों को रखा था और भरोसा दिया था कि बाद में सभी को परमानेंट कर लिया जाएगा। साल 2007 में सभी को एडेड स्कूलों में परमानेंट नियुक्ति दी गई। सभी का एक्सपीरियंस भी पहले दिन से ही काउंट किया गया पर पुरानी पेंशन स्कीम से इन सभी शिक्षकों को वंचित कर दिया गया जबकि शासनादेश है कि 2005 से पहले नियुक्ति पाने वाले कार्मिकों को इसकी सुविधा दी जाएगी। इसको लेकर लंबे समय से शिक्षक अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगा रहे हैं।

कई बार जनता दर्शन में भी इसके लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। गोरखपुर के जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलकर भी गुहार लगाई गई। उन्होंने भरोसा दिया कि इस मामले में विचार किया जाएगा पर अब तक शिक्षकों के पक्ष में कोई आदेश नहीं जारी किया गया। विभागीय अफसर से जब इस संबंध में बात की जाती है तो वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री आदेश देंगे तो सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की सुविधा मिल जाएगी। इसके बाद जब मुख्यमंत्री के यहां प्रार्थना पत्र दिया जाता है तो ये ऑफिसर उनको गुमराह कर देते हैं। आईजीआरएस में भी शिकायत करने पर निस्तारित करके रिपोर्ट लगा दी जाती है। शिक्षक कई जगह प्रार्थना पत्र दे चुके पर कहीं भी सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में मजबूर होकर बुधवार को शिविर कार्यालय में प्रदर्शन करना पड़ रहा।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आज एक दिवसीय सांकेतिक धरना है। यदि कोई सुनवाई नहीं होगी तो आगे भी प्रदर्शन जारी रहेगा। लखीमपुर खीरी से आया अवधेश कुमार यादव कहते हैं साल 2001 में माध्यमिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति मिली थी बाद में 2007 में परमानेंट कर दिया गया। पर अभी तक पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा। कई ऐसे शिक्षक हैं जो रिटायर हो गए पर उन्हें भी पेंशन नहीं मिली। हम लोगों के साथ ये अन्याय हो रहा जब नियुक्ति 2005 से पहले हुई तो अब तक क्यों पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिला।

# आठ साल में 62 फीसद बढ़ी यूपी में ट्रैक्टर्स की संख्या, किसान खुशहाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है योगी सरकार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद करीब आठ वर्षों में ट्रैक्टरों की संख्या में डेढ़ गुने से अधिक (62 फीसद) की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2016-2017 में प्रदेश में कुल 88 हजार ट्रैक्टर थे। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में यह संख्या बढ़कर 142200 हो गई है। ट्रैक्टरों की संख्या के लिहाज से देखें तो यूपी के किसान खुशहाल हैं।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। उनके मुताबिक नौ तरह की अलग-अलग कृषि जलवायु, इंडो गंगेटिक बेल्ट की दुनिया की सबसे उर्वरा जमीन, गंगा, यमुना, सरयू जैसी सदानीरा नदियां, सबसे अधिक आबादी के कारण सस्ता श्रम और सबसे बड़ा बाजार होने के कारण उत्तर प्रदेश देश का फूड बास्केट बन सकता है। जरूरत इस बात की है कि किसानों के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को खेतीबाड़ी से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार लगातार कृषि विज्ञान केंद्रों और द मिलियन फॉर्मर्स स्कूल के तहत संचालित किसान पाठशाला से किसानों को जागरूक करने के साथ उनको नवाचार के लिए प्रोत्साहित कर रही है। योगी सरकार, केंद्र की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ अपने स्तर से भी किसानों के हित में जो भी संभव है, वह कर रही है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण अपने पहले कार्यकाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में लघु सीमांत किसानों की एक लाख रुपये तक की कार्जमाफी। उसके बाद से तो यह सिलसिला ही चल निकला। वर्षों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं (बाणसागर, राष्ट्रीय सरयू नहर परियोजना, अर्जुन सहायक नहर परियोजना आदि) को पूरा कर सिंचन क्षमता में विस्तार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत गेहूं और धान के खरीद की पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध भुगतान, कई नई फसलों खास कर मोटे अनाजों (मिलेट्स) को एमएसपी के दायरे में लाना। गन्ने की खेती से जुड़े करीब 50 लाख किसानों के हित के लिए समयबद्ध भुगतान, चीनी मिलों का आधुनिकीकरण, नई चीनी मिलों की स्थापना, पेराई सीजन के दिनों में वृद्धि, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रभावी क्रियान्वयन, समय से खाद, बीज की उपलब्धता आदि ऐसे कदम रहे जिससे किसानों की आय बढ़ी। इसका नतीजा रहा हर फसल के उत्पादन में इस दौरान रिकॉर्ड वृद्धि। खासकर दलहन और तिलहन में। इन्हीं सारी वजहों से बहुउपयोगी ट्रैक्टर्स की खरीद और संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर्स की संख्या में ये वृद्धि आगे अभी और रंग लाएगी, क्योंकि आज ट्रैक्टर्स के बिना खेती की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह सिर्फ जोताई के काम नहीं आता है। खेत की लेवलिंग, पॉवर स्प्रेयर से फसलों पर वाटर सॉल्यूबल उर्वरकों, कीटनाशकों के छिड़काव, मेड़बंदी, सीड ड्रिल के जरिए लाइन सोईग, आलू की बोआई से लेकर खोदाई, फसल अवशिष्ट को निस्तारित करने में मददगार है। ट्रैक्टर के जरिए संचालित होने वाले इन सभी कृषि यंत्रों पर सरकार करीब 50 फीसद अनुदान देती है। इनके प्रयोग से श्रम की लागत घटती है। खेत की तैयारी, बोआई और फसल की कटाई से लेकर मड़ाई तक का काम आसान और अच्छा हो जाता है। यकीनन आने वाले वर्षों में किसानों की आय एवं ट्रैक्टर्स की संख्या भी बढ़ेगी। तब उत्तर प्रदेश की पहचान प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार देश के फूड बास्केट के रूप में होगी। ट्रैक्टर्स की बिक्री के लिहाज से देश का भी ट्रेंड कमोबेश यही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मौजूदा वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड (10 लाख) ट्रैक्टर्स की बिक्री की उम्मीद है। यह अब तक की सालाना बिक्री का रिकॉर्ड होगा। इसके पहले यह रिकॉर्ड वित्तीय वर्ष 2023 के नाम था। तब देश भर में 939713 ट्रैक्टर्स की बिक्री हुई थी। वित्तीय वर्ष 2024 में बिक्री की यह संख्या 867597 थी। बाजार के जानकारों के अनुसार रबी की अच्छी पैदावार, खरीफ में मौसम विभाग द्वारा अच्छी बारिश का पूर्वानुमान और बेहतर फसल नाते यह रिकॉर्ड बनना संभव होगा।

# विक्टोरिया हाल का नाम बदलकर अहिल्याबाई होलकर को दिया गया सम्मान





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जेके पब्लिक स्कूल में अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताव्दी स्मृति जिला संगोष्ठी मनाई गई जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल मंत्री रजनी तिवारी विधायक आशीष सिंह आशु विधायक अलका अर्कवशीए प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे है और सभी ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला नितिन अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमारी सरकार ने हरदोई में स्थित विक्टोरिया हाल जो अंग्रेजों की याद दिलाता था उसे रानी अहिल्याबाई होलकर के नाम से अब याद किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विपिन सिंह चौधरी ने चौधरी ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के चौड़ी नामक गाँव में मनकोजी शिंदे के घर सन् 1725 ई। में हुआ था।साधारण शिक्षित अहिल्याबाई 10 वर्ष की अल्पायु में ही मालवा मे होल्कर वंशीय राज्य के संस्थापक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खण्डेराव के साथ परिणय सूत्र में बंध गई थीं।

अपनी कर्तव्यनिष्ठा से उन्होंने सास-ससुर, पति व अन्य सम्बन्धियों के हृदयों को जीत लिया अभी यौवनावस्था की दहलीज पर ही थीं कि उनकी 29 वर्ष की आयु में पति का देहांत हो गया। सन् 1766 ईण् में वीरवर ससुर मल्हारराव भी चल बसे। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से एक महान साया उठ गया।

शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। कालांतर में देखते ही देखते पुत्र मालेराव, दोहित्र नत्थू, दामाद फणसे, पुत्री मुक्ता भी माँ को अकेला ही छोड़ चल बसे। परिणामत: 'माँ' अपने जीवन से हताश हो गई, परन्तु प्रजा हित में उन्होंने स्वयं को संभाला और सफल दायित्वपूर्ण राज-संचालन करती हुई 13 अगस्त, 1795 को नर्मदा तट पर स्थित महेश्वर के किले में भारतीय इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में लिखाकर सदैव के लिए महानिदा में सो गईं। महारानी अहिल्याबाई की पहचान एक विनम्र एवं उदार शासक के रुप में थी। उनके हृद्य में जरूरमदोंए गरीबों और असहाय व्यक्ति के लिए दया और परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। अहिल्याबाई हमेशा अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती रहती थी, इसके साथ ही वे गरीबों और निर्धनों की संभव मद्द के लिए हमेशा तत्पर रहती थी। उन्होंने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति पर भी खासा काम किया और उनके लिए उस वक्त बनाए गए कानून में बदलाव भी किया था।

दरअसल, अहिल्याबाई के मराठा प्रांत का शासन संभालने से पहले यह कानून था किए अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका पुत्र न होए तो उसकी पूरी संपत्ति सरकारी खजाना या फिर राजकोष में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिला को अपनी पति की संपत्ति लेने का हकदार बनाया।

# देश की एकता के लिए शहीद हुए थे राजीव: ज़िलाध्यक्ष



## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर महा चौपाल का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ग्राम विधौरी नेवादा (ब्लॉक व थाना बिलग्राम) में महा चौपाल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे, शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, प्रदेश महासचिव सुभाष पाल समेत कई वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को याद किया।

जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा किए राजीव गांधी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। लिट्टे जैसे खतरनाक आतंकी संगठन को समय रहते पहचान कर निर्णायक कार्रवाई की और देश को बचा लिया। शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने उन्हें डिजिटल भारत की नींव रखने वाला बतायाए वहीं प्रदेश महासचिव सुभाष पाल ने उन्हें एक दूरदृष्टा बताया जिन्होंने भारत को तकनीकी युग से जोड़ा। मुख्य महासचिव अमलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि राजीव गांधी **'मिस्टर क्लीन'** की छवि वाले नेता थे जिनके विज़न ने कंप्यूटर क्रांति और ISRO को नया आयाम दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अजीत विशाल ने भावुक श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सब उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के सम्मान में विधायक रामपाल वर्मा के नेतृत्व में नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैनिकों के सम्मान के नारे लगाए गए, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस यात्रा में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी, व्यापारी, शिक्षक समाज, सभासद, प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह यात्रा कछौना के श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज कछौना पतसेनी से ब्लॉक संसाधन केंद्र कछौना में स्थित शहीद स्तंभ पर समापन हुई। पूरा नगर देशभक्तिमय हो गया। विधायक रामपाल वर्मा ने कहा तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की सेना का सम्मान व मनोबल बढ़ाने के लिए और लोगों में एकता अखंडता की भावना को मजबूत करना है। जाति, पांति, धर्म, वैचारिक मतभेद से ऊपर देश की अखंडता है। देश सुरक्षित हैए तभी हम सब सुरक्षित हैं। हमारे वीर जवानों ने अपने पराक्रम से पाकिस्तान को 24 घंटे में धूल फंका दी। उनके शौर्य पराक्रम को देश कभी नहीं भूल सकता है। इस अवसर पर युवा नेता संचित अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि गणेश शुक्ला, सर्व वैश्य समाज के अध्यक्ष तुलसी गुप्ता, प्रधानगण आलोक कुमार उर्फ विपिन भैया, गौतम कनौजिया, शिवम मिश्रा, अखिल विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष योगेश सिंह की टीम, सभासद गण सहित नगरवासी, व्यापारी, शिक्षक, डॉ0 शिवराज सिंह पटेल, प्रधानगण सहित प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

## तिरंगा यात्रा में शामिल हुई उच्च शिक्षा राज्य मंत्री

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को शाहाबाद ब्लॉक का मुख्यालय से हुआ। यहां पर शहीद स्तंभ पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तिरंगा यात्रा ब्लाक चौराहाए पीडब्ल्यूडी कार्यालय होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंची। तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य भारत माता की जय, वीर जवान शहीद, अमर रहे के नारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा में चल रहे थे। अंबेडकर पार्क में तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा यह तिरंगा यात्रा हमारे गौरव की तिरंगा यात्रा है। शहीदों ने अपना खून देकर वतन की रक्षा की है। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि उन शहीदों को नमन करें उनके परिजनों को सम्मान दें। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद के लिए प्रसिद्ध है। हमारी सेना के जवानों ने पाकिस्तान को धूल चटाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। पाकिस्तानी फौज हमारी फौज का लोहा मानती है। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, कुशी बाजपेई, डॉ मुरारी लाल गुप्त, समाजसेवी संजय मिश्रा बबलू, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, सुभाष सिंह, सुभाष रस्तोगी, अमन सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समर्थक मौजूद रहे।

## जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक 22 मई को: सी0एम0ओ0

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रोहताश कुमार ने अवगत कराया है कि जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय एवं जिला टास्क फोर्स प्रतिरक्षण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 22 मई 2025 को अपरान्ह 04 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आहूत की गयी है। सीएमओ सभी संबंधित विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व चिकित्सक तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कहा है कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि को ससमय पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## संविदा कर्मियों की हड़ताल से विद्युत आपूर्ति ध्वस्त

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों की हड़ताल से सोमवार से विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई है। इस भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से न चलने के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ठप हो गए हैं। बुजुर्गों, पुरुष, महिलाएं, बीमार व्यक्तियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। कृषि कार्य प्रभावित है। ट्रांसफार्मर खराब होने पर बदल नहीं पा रहें है। लोगों के सामने जीवन जीने का संकट खड़ा हो गया है। सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है। पूरी तरह विद्युत आपूर्ति न होने से लोगों में चिड़चिड़ा पन हो गया है। लोगों के मोबाइल तक स्विच ऑफहो गए हैं। कई फीडर व उपकेंद्र पूरी तरह से ठप हो गए हैं। आला अधिकारियों से संवाद मुश्किल से हो पा रहा है। कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का बुरा हाल है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन संविदाध्संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा जब तक संविदा कर्मियों की विभिन्न मांगे पूरी नहीं की जाएगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वहीं लोकल फाल्ट होने पर ठीक न होने से अनहोनी घटना होने की संभावना बनी है।

## मारपीट की अलग अलग घटनाओं में कई घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** मंगलवार का कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर गयंद निवासी नीलम पत्नी विनोद के अनुसार वह एक विधवा महिला है उसके दो बच्चे हैं। 19 मई को सुबह बच्चों की कहा सुनी में उसने अपनी देवरानी सोनी पत्नी प्रदीप से बच्चों को बोलने से मना किया इसी बात पर विपक्षी ने सास जसोदा के साथ मिलकर उसे गाली गलौज करते हुए डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। सास ने उसे घर से निकाल देने की धमकी दी। सोनी पत्नी प्रदीप ने अपनी जेठानी नीलम पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार उसकी 9 वर्षीय भतीजी वर्षा ने उससे खाना मांगा। उसने खाना दे दिया।इसी बात पर विपक्षी जेठानी ने डंडे से उसे और सास को मारपीट कर घायल करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झोथू पुर में सोमवार को सुबह करीब 10 बजे बाग से सूखे पेड़ की लकड़ी के बटवारे को लेकर दो भाइयों में लाठी डंडे चले। पीड़ित हरिश्चंद्र पुत्र देवी दयाल के अनुसार उसके चचेरे भाई से खेत और बाग का बटवारा हो चुका है।वह अपने हिस्से के बाग से सूखी लकड़ी लेकर आया तो विपक्षी रामनरेश पुत्र भगवान दयाल ने अपने पुत्रों अजयएसंजय और पंकज के साथ सूखी लकड़ी में हिस्सा मांगते हुए उसे गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।उसका पुत्र रोहित बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। विपक्षी पंकज पुत्र रामनरेश ने दी गई तहरीर में बताया हरिश्चंद्र ने पुत्र रोहित पत्नी सुनीता और शानू पुत्र लज्जाराम के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से मारा पीटा शोर मचाने पर उसका भाई संजयएसौरभ पुत्र विजय मां बेलावती उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुलेमानी निवासी मालती पत्नी गुलवीर के अनुसार 18 मई की शाम को रामसनेही पुत्र छोटेलाल ने अपने भाई पूसेलाल के साथ उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पुलिस ने मारपीट की घटनाओं को जांच शुरू कर दी है।

# सनशाइन जूनियर हाई स्कूल में समर कैंप का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना





**कछौना ( हरदोई )।** ग्रीष्मकालीन सिविर (समर कैंप) में सनशाइन जूनियर हाई स्कूल के बच्चों ने विभिन्न विधाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह समर कैंप का आयोजन सभी परिषदीय स्कूलों और प्राइवेट स्कूलों में 21 मई से 10 जून तक मनाने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य बच्चों की रुचि के अनुरूप सीखने के आनंददायक अनुभव प्रदान करना व रचनात्मक विकसित करना है। इससे छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं जीवन शैली का विकास करना है। समर कैंप के आयोजन के प्रथम दिवस छात्र.छात्राओं ने रंगोली व राइटिंग कंपटीशन के माध्यम से अपनी विधा का परिचय दिया। बच्चों ने विभिन्न रंगोली बनाकर संदेश दियाए रंगोली को देखकर शिक्षकों ने सहाना की। स्कूल में प्रधानाचार्य मोहम्मद शोएब ने बताया है कि यह दिवसीय समर कैंप है, इसमें छात्र-छात्राओं को सिंगिंग, मेहंदी, फैंसी, ड्रेस, ड्राइंग, डांस आदि विधाओं पर प्रदर्शन करेंगे। रोचक गतिविधियां कराई जा रही है। प्रबंधक सुनील सोनी ने बताया इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का मंच मिलता है। उनको विभिन्न विधाओं योग, सांस्कृतिक विरासत, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण, बागवानी, पौधों की देखभाल, चित्र प्रतियोगिता, नाटक मंचन आदि के माध्यम से भविष्य का एक अच्छा नागरिक तैयार करना है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै विन्देश्वरी पत्नी बुधविलास, पता- ग्राम व पोस्ट-गौसगंज पर0 व तह0 सण्डीला, जिला-हरदोई की निवासिनी हूँ। मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम राजरानी पत्नी बुधविलास अंकित है, जोकि गलत है। मेरा सही नाम विन्देश्वरी पत्नी बुधविलास है। जोकि मतदाता पहचान पत्र के अनुसार सही है। आधार कार्ड में भी मेरा सही नाम विन्देश्वरी पत्नी बुधविलास अंकित किया जाये।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इनामुल हक पिता मुन्ने मियां मंसूरी निवासी मोमिनाबाद, हरदोई की मौलवी की डिग्री वर्ष 2013 अनुक्रमांक 2041984, रोल नंबर 2041984, जन्मतिथि 05.07.1994 वास्तव में कही खो गई है। इनामुल हक पिता का नाम मुन्ने मियां मंसूरी मौलवी, मोमिनाबाद, हरदोई



## कार्यालय ग्राम पंचायत- कुतुआपुर, विकास खण्ड-माधौगंज, हरदोई

पत्रांक-मेमो/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/2025-26 दिनाँक-21.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत- कुतुआपुर, विकास खण्ड माधौगंज हरदोई द्वारा राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्न लिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेन्ट, मौरंग, बालू, इण्टरलाकिंग ईट, रोड़ी गिट्टी, ईट प्रथम आदि ) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-22.05.2025 से 27.05.2025 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-27.05.2025 को समिति द्वारा साय 04:00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से बृह्मदेव स्थान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 500000.00 |

**नोट-**

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

(वन्दना देवी)
प्रधान
ग्राम पंचायत- कुतुआपुर,
विकास खण्ड- माधौगंज, हरदोई

(अनुज कुमार)
सचिव
ग्राम पंचायत- कुतुआपुर,
विकास खण्ड- माधौगंज, हरदोई



## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांकः-218/न0पा0प0 /2025-26 दिनाँकः- 13.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनाँक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज में **नगर के 15 वार्डो में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था का कार्य सेवाप्रदाता के माध्यम से** कराना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

**Tender Reference Number - 2025-26/03ET**

| कं0सं0 | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 22-05-2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 22-05-2025 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 22-05-2025 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 26-05-2025 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 26-05-2025 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 26-05-2025 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 12-05-2025 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 12-05-2025 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD), निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनाँक-25.05.2025 प्रातः 09:00 बजे से देखा का सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

(अनिल कुमार)
अधिशासी अधिकारी /टेण्डर कमेटी अध्यक्ष

(मुन्नी देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज-कन्नौज।

# भीतर के दुश्मन

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा देते हैं। देश के भीतर ये दुश्मन बेहद घातक हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां ज्योति को एक खुफिया एजेंट के रूप में तैयार कर रही थीं। वह सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। निस्संदेह, भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान करने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। निस्संदेह, इन लोगों की परवरिश में कहीं चूक रही है जो इन्हें यह बोध नहीं करा सकी कि चंद पैसों व सुविधाओं के लालच में देश के साथ गद्दारी नहीं करनी चाहिए। निश्चय ही यह खुलासा राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। आने वाले वक्त में कई ऐसे जासूसों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादियों को भारत की धरती पर हमला करने का इनपुट दे रहे हों। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों को बाहर किया जा सके। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। वह सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति का इस्तेमाल न केवल जासूसी के लिये कर रहा था बल्कि भारत के खिलाफ प्रचार तथा पाक की छवि को सुधारने के लिये भी कर रहा था। ज्योति पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिये पाक की उजली छवि गढ़ रही थी। आरोप ये भी कि उसकी एक पाक खुफिया अधिकारी से अंतरंगता रही है, जिसके साथ वह बाली घूमने भी गई थी। पाक दूतावास की एक पार्टी के वीडियो में भी वह नजर आई है। दरअसल, सूचना क्रांति के इस दौर में विदेशी खुफिया एजेंसियां टेलीग्राम, स्नैपचैट व व्हाटसएप आदि के जरिये भारतीय मददगारों से संपर्क साध रही हैं, जिस पर हमारी प्रवर्तन एजेंसियां आसानी से नजर नहीं रख सकती। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है।

> **पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं।**

# ग्रीन एनर्जी का अमरावती मॉडल देगा दुनिया को नई दिशा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> **अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्ज़ा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्ज़ा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्ज़ा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्ज़ा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्ज़ा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेढ़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलवायु परिवर्तन परिणाम आए दिन दिखते हैं,जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र, कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात।**

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ों-टुकड़ों में काम हो रहा है, वहीं आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्ज़ा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रूप में देख रहा है। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं हो रही हैं उससे अलग हटकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना पर नजर रख रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी में ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समेटे है।

अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्ज़ा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्ज़ा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्ज़ा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्ज़ा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्ज़ा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेढ़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलवायु परिवर्तन परिणाम आए दिन दिखते हैं,जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र, कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात । आंधी-तूफान, दावानल और चक्रवातों के नए नए रूप और बार-बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ की समस्या बढ़ी है। दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। हालांकि इसमें सरकारों की इच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सचेत नहीं हैं। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर रैंकिंग भी होन लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत 10वें स्थान पर है। रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है। भारत में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रूप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है। आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब बदल ही दिया गया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्ज़ा के स्रोत लगाए जाएंगे। भारत में केन्द्र व राज्य सरकारें अक्षय ऊर्ज़ा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारात्मक प्रयास माने जा सकते हैं। पर अमरावती इन सबसे अलग इसलिए हो जाती है कि यहां समग्रता से प्रयास करते हुए समूचे शहर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाया जा रहा है।

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष**

अतुल गोयल

> **दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषिण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं।**

मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषिण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है। पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। ये पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की शृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

# तमस से ज्योति की ओर एक सुधारवादी यात्रा

**राजा राममोहन राय जन्म जयन्ती पर विशेष**

ललित गर्ग

> **राजा राम मोहन राय का जन्म पश्चिम बंगाल स्थित हुगली जिले के राधानगर गांव में 22 मई 1772 को हुआ। पिता रमाकांत राय शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले थे, वहीं माता तारिणी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूरा परिवार कट्टर हिन्दु परंपराओं का हिमायती था लेकिन राममोहन राय को बिना तर्क किसी भी बात को स्वीकार नहीं करते थे, इसलिए जब केवल 15 साल के थे तो उन्होंने मूर्ति पूजा को लेकर सवाल खड़े कर दिये।**

यह वह समय था जब हिन्दुस्तान एक तरफ विदेशी दासता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था वहीं दूसरी तरफ रूढ़िवाद, धार्मिक संकीर्णता, सामाजिक कुरीतियों और दमघोंटू प्रथाओं के बोझ तले दबा हुआ था। तभी एक मसीहा, समाज-सुधारक एवं क्रांतिकारी महामानव अवतरित हुआ जिसने तमाम बुराइयों को चुनौती दी और आखिरी सांस तक बदलाव के लिये क्रांतिकारी योद्धा की तरह लड़ा। ये मसीहा था राजा राममोहन राय। इन्हें देश एवं दुनिया आज भारत में सामाजिक सुधारों के अग्रदूत के तौर पर याद करती है। अपने दौर में वे 'भारतीय पुनर्ज़ागरण के पितामह' बनकर सच्चे जीवन की लौ बनें और इस लौ का आह्वान था नये भारत का निर्माण। वे तमस से ज्योति की ओर एक बहुआयामी सुधारवादी यात्रा का उजाला थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी राय के द्वारा स्थापित 'ब्रह्म समाज', जो आधुनिक पश्चिमी विचारों से प्रभावित था, सबसे शुरुआती सुधार आंदोलन था। एक सुधारवादी विचारक के रूप में राय आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवीय गरिमा तथा सामाजिक समानता के सिद्धांतों में विश्वास करते थे। राय के प्रयासों से ही भारत में आधुनिक धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव पड़ी। राय के बाद, देवेंद्रनाथ ठाकुर और केशव चंद्र सेन जैसे सुधारकों ने ब्रह्म समाज के विचारों को आगे बढ़ाया और इसे एक राष्ट्रीय आंदोलन बनाया। उन्नीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची, वे इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। वे साहित्यस्त्रष्टा के साथ-साथ धर्मक्रांति एवं समाजक्रांति के सूत्रधार विराट व्यक्तित्व थे। राजा राम मोहन राय का जन्म पश्चिम बंगाल स्थित हुगली जिले के राधानगर गांव में 22 मई 1772 को हुआ। पिता रमाकांत राय शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले थे, वहीं माता तारिणी देवी धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूरा परिवार कट्टर हिन्दु परंपराओं का हिमायती था लेकिन राममोहन राय को बिना तर्क किसी भी बात को स्वीकार नहीं करते थे, इसलिए जब केवल 15 साल के थे तो उन्होंने मूर्ति पूजा को लेकर सवाल खड़े कर दिये। साथ ही अन्य प्रथाओं की भी आलोचना करनी आरंभ कर दी। हिन्दू परंपराओं का विरोध करना शुद्ध वैष्णव परंपरा को मानने वाले पिता रमाकांत को नागवार गुजरी। पिता-पुत्र में गहरा मतभेद हो गया। राय को पढ़ने के लिए पटना भेज दिया गया। यहां उन्होंने बांग्ला, पारसी, अरबी, संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया। यहां भी वो हिन्दू परंपराओं और प्रथाओं को तर्क की कसौटी पर परखते रहे और सवाल उठाते रहे। पढ़ाई पूरी करने के बाद राय ने ईस्ट इंडिया कंपनी के राजस्व विभाग में नौकरी कर ली, यहां वे कई अंग्रेजों के संपर्क में आये। उनकी सभ्यता, सोच और तौर-तरीकों को करीब से महसूस किया। उन्होंने समझ लिया कि पश्चिमी सभ्यता विकास की प्रक्रिया में काफी आगे निकल गयी है जबकि हिन्दुस्तान इसके मुकाबले सदियों पीछे जी रहा है। राय ने हिन्दू ग्रंथों के साथ इस्लाम एवं ईसाई धर्मों एवं ग्रंथों का भी गहराई से अध्ययन किया। उन्हें एक बात समझ आयी कि हिन्दू धर्म ग्रंथों में वो कतई नहीं लिखा है जो पोंगा पंडित, लोगों को बता रहे हैं। उन्होंने महसूस किया कि भारतीय जनमानस अपने ग्रंथों की मूलभावना से काफी अनजान है। ऐसा इसलिए था क्योंकि धर्मग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गये थे और लोगों की पहुंच से दूर थे। इसलिए उन्होंने धर्मग्रंथों का हिन्दी, बांग्ला, अरबी और फारसी भाषाओं में अनुवाद किया। उन्होंने अपने अखबारों 'संवाद कौमुदी' और 'मिरात-उल-अखबार' में लेखों के जरिये आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत का जनक माना जाता है। वे एक महान समाज सुधारक, विचारक एवं क्रांतिपुरुष थे, जिन्होंने 19वीं सदी में भारत में सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक सुधारों के लिए अनूठे एवं विलक्षण उपक्रम किये। उन्होंने व्यक्ति-क्रांति के साथ समाज-क्रांति करते हुए सती प्रथा, बाल विवाह और जाति व्यवस्था जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने अंग्रेजी शिक्षा को बढ़ावा दिया और महिलाओं के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। राय का मानना था कि धार्मिक रूढ़िवादिताएं समाज की स्थिति को सुधारने के बजाय क्षति का कारण, परेशानी का स्रोत, सामाजिक जीवन के लिए हानिकारक और लोगों को भ्रमित करने वाली बन गई हैं। उनका यह भी मानना था कि बलिदान और अनुष्ठान लोगों के पापों की भरपाई नहीं कर सकते; यह आत्म-शुद्धि और पश्चाताप के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने धार्मिक सुधार से सामाजिक सुधार और राजनीतिक आधुनिकीकरण दोनों का सूत्रपात किया। राय अपने समय से बहुत आगे चलने एवं सोचने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों के अंतर्राष्ट्रीय चरित्र के बारे में उनकी समझ ने आधुनिक युग के महत्त्व को बखूबी समझा। ये सिद्धांत वर्तमान 'न्यू इंडिया' के विचार को प्रेरित करते हैं। राय ने वर्ष 1803 में अपनी पहली पुस्तक 'तुहफ़त-उल-मुवाहिदीन' या 'गिफ्ट टू मोनोथिस्ट' प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने एकेश्वरवाद यानी एकल ईश्वर की अवधारणा के पक्ष में तर्क दिया है। उन्होंने अपने इस तर्क में प्राचीन हिंदू ग्रंथों के एकेश्वरवाद का समर्थन करने के लिये वेदों और पाँच उपनिषदों का बंगाली में अनुवाद किया। वर्ष 1814 में उन्होंने मूर्तिपूजा, जातिगत रूढ़िवादिता, निरर्थक अनुष्ठानों और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाने के लिये कलकत्ता में आत्मीय सभा की स्थापना की। जब उनके बड़े भाई का देहांत हो गया तो परंपरा के मुताबिक गांव वालों ने पंडितों के साथ मिलकर उनकी भाभी को सती हो जाने के लिए मजबूर किया। उन्हें मृतक के साथ उसी चिता में जिंदा जला दिया गया। इस घटना से राय बहुत दुखी हुए। उन्होंने पूरे हिन्दुस्तान में ऐसी क्रूर प्रथा को धर्म के नाम पर खुलेआम होते देखा। उन्होंने वर्ष 1818 में सती-विरोधी संघर्ष शुरू किया और पवित्र ग्रंथों का हवाला देते हुए यह साबित करने का प्रयास किया कि सभी धर्म मानवता, तर्क और करुणा की बात करते है; कोई भी धर्म विधवाओं को जिंदा जलाने का समर्थन नहीं करता है। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 1829 में सरकारी विनियमन द्वारा सती प्रथा को अपराध घोषित कर दिया गया। राय सती प्रथा के अमानवीय व्यवहार के खिलाफ एक धार्मिक योद्धा थे। इससे पहले जब उनके पिता का देहांत हुआ था तब उन्होंने देखा था कि समाज विधवाओं के साथ कैसा व्यवहार करता है। विधवाओं का सिर मुंडवा दिया जाता था। उन्हें रंगहीन सफ़ेद कपड़ा पहनना पड़ता था। उन्हें बेस्वाद खाना खाने के लिए मजबूर किया जाता था। उन्हें परिवार या समाज के सार्वजनिक आयोजनों से दूर रखा जाता था। इन दोनों बातों ने राममोहन राय को अंदर तक व्यथित किया। राय ने ठान लिया कि वे भारतीय समाज के इन बुराइयों को दूर कर के रहेंगे। इसलिए उन्होंने सती प्रथा उन्मूलन और विधवा पुनर्विवाह कानून बनाने की मुहिम छेड़ दी। इसमें उन्हें तात्कालीन गर्वनर जनरल लार्ड विलियम बैंटिक से खूब सहायता मिली। उन्होंने जाति व्यवस्था, छुआ-छूत, अंधविश्वास और मादक द्रव्यों के इस्तेमाल के खिलाफ भी अभियान चलाया। उनके विचारों और गतिविधियों का उद्देश्य सामाजिक सुधार के माध्यम से जनता का राजनीतिक उत्थान करना था। राजा राम मोहन राय ने महसूस किया कि भारतीय युवाओं को आधुनिक शिक्षा पाने के लिए विदेशों में शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने इंग्लैंड भेजे जाने वाले भारतीय छात्रों का समर्थन किया और यह कहा कि पश्चिमी शिक्षा ही भारतीय समाज को आधुनिकता और प्रगति की ओर ले जा सकती है। तत्कालीन मुगल बादशाह ने उन्हें आर्थिक सहायता संबंधी किसी काम के लिए ब्रिटेन भेजा। इसी मुगल बादशाह ने उनको राजा की उपाधि भी दी। राजा राम मोहन राय का आधुनिक शिक्षा के प्रति दृष्टिकोण और उनके प्रयास भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक क्रांति लेकर आया। उनके द्वारा किए गए सुधारों ने भारतीय समाज को अंग्रेजी और आधुनिक विज्ञान की शिक्षा से जोड़ा और भारत में शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत की। राजा राममोहन राय ने भारतीय समाज में आधुनिकता, तर्कशीलता और समानता की नींव रखी। उनके कार्यों ने भारतीय समाज को प्राचीन रूढ़ियों से बाहर निकालकर आधुनिक युग की ओर अग्रसर किया। वे न केवल धार्मिक सुधारक थे, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक सुधारों के भी पथप्रदर्शक थे। उनके जीवन का हर पहलू समाज सुधार, धार्मिक सहिष्णुता और समानता के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# प्रतिदिन संभावित बाढ़ स्थलों की की जाये निगरानी : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिलाधिकारी बॉदा श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेझ्रट सभागार में बाढ की संभवना एवं टेयर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी जून, 2025 से अक्टूबर, 2025 तक प्रतिदिन सम्भावित बाढ की निगरानी के रखने के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने अत्यधिक सम्भावित बाढ के दृष्टिगत सेन्ट्रल वाटर कमीशन से नदी में जल प्रवाह होने की प्रतिदिन रिपोर्ट देखने तथा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जलनिगम को आवश्यक व्यवस्थायें की जायें। उन्होंने बाढ समिति का गठन किये जाने तथा रीवर फ्लड बैंक को मजबूत बनाये जाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, नगर पंचायत एवं खण्ड विकास अधिकारियों को बरसात से पहले 15 जून तक सभी नाले/नालियों की सफाई एवं कूडे के ढेरों की सफाई सुनिश्चित करायें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जर्जर विद्युत तारों को ठीक किये जाने के निर्देश दिये। उप जिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र के सम्भावित बाढ प्रभावित गॉवों का निरीक्षण कर बाढ से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियां समय से कर लें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी नगरीय/ग्र्ग्रामीण क्षेत्रों में सम्भावित बाढ एवं जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए समस्त आवश्यक तैयारी बाढ राहत कैम्प, मोबाइल ट्वायलेट, पम्पिग सेट की व्यवस्था, मोटर वोट, नाविक/गोताखोरों की सूची तैयार करने आदि की व्यवस्थायें कर ली जाए। उन्होंने संचारी रोग से बचाव के लिए सभी नाले नालियों की सफाई कराये जाने तथा एन्टीलार्वा का छिडकॉव कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ प्रभावित क्षेत्रों में उप जिलाधिकारियों सहित सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा राहत चौपाल का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए स बैठक में उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को खाद्यान की व्यवस्था एवं संभावित बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर भोजन के आज की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए डीजल, पेट्रोल आदि की उपलब्धता रखने तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं बाढ चौकियों में मेडिकल टीमों को लगाये जाने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को सोलर लालटेन व जनसेट की व्यवस्था रखने तथा विद्युत की समुचित उपलब्धता कराये जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ की स्थिति उत्पन्न होने पर नहरों की सिल्ट सफाई व नहर पटरी मरम्मत का कार्य बरसात से पहले कराए जाने तथा नहर के बधों को चेक करने एवं कन्ट्रोल रूम की स्थापना कराये जाने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिये।

## खेतों की लगी आग से लाखों की फसल व भूसा जलकर हुआ खाक

बांदा। जनपद के गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत जमरेही गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते हजारों बीघा खेत जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आकर खेतों में रखा भूसा, सिंचाई के पाइप, सब्जियां, ट्यूबवेल का ट्रांसफार्मर और अन्य कृषि सामग्री पूरी तरह जल गई।स्थानीय किसान के अनुसार, खेतों में हजारों कुंतल भूसा रखा गया था, जो पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना से पशुओं के चारे का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। किसान ने बताया कि अब हमारे जानवरों के सामने भूख से मरने की नौबत आ गई है।आग लगने का कारण प्राथमिक तौर पर बिजली के शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। हालांकि अभी तक किसी भी सरकारी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर न तो कोई जांच की है और न ही किसी प्रकार की सहायता मुहैया कराई गई है। इससे किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत व मुआवजे की मांग की है, ताकि आग से प्रभावित किसान और पशुपालक अपनी आजीविका को दोबारा संवार सकें।

## कार पुल से नीचे गिरी एयरबैग से टला बड़ा हादसा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की रात चालक की सतर्कता और कार में मौजूद आधुनिक सुरक्षा उपकरणों की वजह से जानहानि होने से बच गई। घटना बाबूलाल चौराहा के पास स्थित पुराने पुल की है, जहां सामने से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस से टक्कर टालने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें लगे एयरबैग समय पर खुल जाने से उसमें सवार चालक सहित अन्य लोगों की जान बच गई।राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल राहत कार्य शुरू कराया। कोतवाली प्रभारी विजय कुशवाहा ने बताया कि बीती रात कृष्ण निगम पुत्र रोहित निगम निवासी कालू कुआं किसी मंदिर से पूजा करके अपने एक अन्य साथी के साथ लौट रहे थे। तभी पुराने पुल पर वाहन आ जाने पर उनके कार चालक ने टक्कर से बचने के लिए स्टेयरिंग एक तरफ मोड़ दी औरकार पुल से नीचे आ गिरी। हादसे में सभी लोग सुरक्षित हैं। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को निकलवाते हुए मौके पर हालत सामान्य कराते हुए कार्रवाई की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। अब तक आधा दर्जन से अधिक वाहन रेलिंग तोड़कर नीचे गिर चुके हैं। कुछ समय पहले एक स्कूली बस भी इसी स्थान पर रेलिंग से लटक गई थी, जिसमें बच्चों की जान बाल-बाल बच गई थी।

# संक्षिप्त समाचार

### युवक ने दी पुलिस को तहरीर

शुक्लागंज-उन्नाव। जानकारी के अनुसार, जाजमऊ चंदन घाट निवासी विक्रम निषाद ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार रात को वह अपने घर पर मौजूद था। तभी रामऔतार, अभिषेक और विशाल उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। जब विक्रम ने इसका विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसे बुरी तरह से मारा-पीटा। मारपीट के बाद, आरोपियों ने विक्रम को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। विक्रम निषाद की तहरीर के आधार पर गंगाघाट पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कह रही है।

### लाइसेंसी बंदूक से युवक को मारी गोली, दो गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी-उन्नाव। साल्हेपुर पुरवा गांव में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने गोली चलाने वाले युवक और शस्त्र मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के पास से12 बोर की लाइसेंसी बंदूक, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और शस्त्र लाइसेंस बरामद किया गया है। घटना 19 मई की रात करीब 10.15 बजे की है। प्रदीप को उसी गांव के प्रिंस उर्फ कल्लू ( 19 वर्ष ) ने दिनेश ( 62 वर्ष ) की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी थी। गंभीर रूप से घायल प्रदीप का इलाज कानपुर के हैलट अस्पताल में जारी है। प्रदीप की मां निर्मला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। 21 मई को थाना प्रभारी ज्ञानेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक गंगा प्रसाद, कांस्टेबल मनोज अत्री और हिमांशु चौधरी की टीम ने प्रिंस को ग्राम डकौली और दिनेश को लखनऊ की गंगा बिहार कॉलोनी से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई।

### रानी अहिल्याबाई के सिद्धांतों पर चल रही केन्द्र व राज्य सरकार

बाँदा। भाजपा द्वारा 21 से 31 मई तक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी वर्ष स्मृति में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में भाजपा जिला कार्यालय में में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार रानी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शो , विचारों , व सिद्धांतों पर चल रही है उनका पूरा जीवन धर्म और शासन के साथ कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा एवं महिलाओं के सम्मान पर समर्पित रहा स उनका लक्ष्य था की लोग एक सुधारक प्रगतिशील नायक के रूप में काम करें स वे केवल लोक कल्याण करने वाली ही नहीं थीं वल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को सहेजने के लिए सामाजिक कार्य करने वाली माता अहिल्याबाई थीं स वे प्रथम श्रेणी की राजनीतिज्ञ थीं अहिल्याबाई का शासन अंग्रेजों को भी आदर्शवादी लगा स उनका शासनकाल 18 वीं सदी का सबसे मजबूत और टिकाऊ शासन था उनका शासन वर्ष 1767 से 1795 तक रहा स अहिल्याबाई को सदैव माँ कहकर सम्बोधित किया जाता था उनका मानना था कि ईश्वर ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निभाना है सामर्‌थ्य और सत्ता के बल पर जो कर रही हूँ उनकी जिम्मेदार मैं हूँ स केंद्र सरकार ने अपने राजपत्र में बहुत खोजबीन के बाद उस जानकारी का चयन कर उनको प्रसिद्ध किया था स कार्यशाला कि अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने उनका जीवन परिचय बताते हुए कहा था कि भारतीय संस्कृति में अहिल्याबाई का बहुमूल्य योगदान है उनके लोक कल्याणकारी कार्यों के कारण ही उन्हें लोकमाता पुण्य श्लोक प्रातः स्मरणीय कहकर लोग सम्मान करते हैं स कार्यक्रम के संयोजक धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने रूपरेखा प्रस्तुत की एवं जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता के संचालन किया।

### छत पर सो रहे थे घरवाले, नीचे चोरों ने लगा दी सेंध, नकदी व जेवरात लेकर फरार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अखलाक नगर में चोरी की एक और बड़ी वारदात सामने आई है। बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए वहां से नगदी और कीमती जेवरात पार कर दिए। यह घटना जाजमऊ चौकी क्षेत्र की है, जानकारी के अनुसार अखलाक नगर निवासी रियाज अपने परिवार संग मकान की छत पर सो रहे थे। गर्मी से राहत पाने के लिए पूरे परिवार ने खुले आसमान के नीचे सोने का निर्णय लिया, लेकिन उन्हें अंदेशा भी नहीं था कि इसी दौरान चोर उनके घर के अंदर घुसपैठ कर लेंगे।

## संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का किया गया भंडाफोड़

- भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित तमंचे, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण किए गए बरामद
- दो अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजवीर सिंह गौर के नेतृत्व में थाना चिल्ला व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंड़ाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित अवैध शस्त्रों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना चिल्ला व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम बीती देर शाम अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु भ्रमणशील थी इसी दौरान जरिए मुखबिर सूचना मिली कि पैलानी की ओर से एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति संदिग्ध वस्तु लेकर फतेहपुर की ओर जा रहे हैं । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सहूरपुर मोड़ पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की गई, चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किए । पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते दोनों को पकड़ लिया गया । तलाशी में दोनों अभियुक्तों के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए । कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने घर में अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हैं तथा अवैध निर्मित शस्त्रों की बांदा और उसके आस-पास के जनपदों में 05-06 हजार में बिक्री करते हैं, आज भी वे फतेहपुर की ओर डिलीवरी करने जा रहे थे ।

## शहीद सैनिक के पुत्र और प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

बांदा। ग्राम सहेवा में तिरंगा यात्रा कर भारतीय सैनिकों के प्रति क्रतज्ञता वक्त कर सेना की बहादुरी की की गई भूरि भूरि प्रशंसा। कार्यक्रम में होनहार प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित। वात्सल्य सेवा समिति प्रयागराज के सौजन्य से समाजसेवी आलोक यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सहेवा में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहीद सैनिक पुत्र एवं गाँव के प्रतिभावान छात्रों पंकज प्रजापति आकांक्षा यादव पूजा यादव प्रकाश प्रजापति किंजल प्रजापति एवं मधु सिंह को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। वात्सल्य सेवा समिति प्रयागराज की ओर से चंद्रशेखर गौड़ एवं ज्योती मरठे ने कार्यक्रम में शिरकत की। चंद्रशेखर गौड़ जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज देश देश में लगभग 55 प्रतिशत आबादी युवाओं की है जो देश के लिए मर मिटने को हमेशा तत्पर रहता है। भारतीय सेना में गाँव देहात में ज्यादातर युवा जो केवल फौज की तैयारी करते हैं और फौज में भर्ती होकर अपनी जान की बाजी लगाकर देश की सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। आज देश विश्व का सबसे अधिक युवाओं की आबादी का देश है और अपनी सेना पर हमें गर्व है।

# एडीएम ने नकली सरसों तेल की फैक्ट्री पर मारा छापा

**दो गोदामों में रखा था लगभग 16 हजार पीपा तेल**

- मौके पर मिले टैंकर में भरा था 14 हजार लीटर नकली तेल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर। एडीएम वित्त अरविन्द कुमार सिंह ने एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए नकली सरसों के तेल की फैक्ट्री पर छापा मारा।फैक्ट्री के अंदर दो बड़े बड़े गोदामों में नकली तेल से भरे 22 हजार पीपा तथा टैंकर में 14 हजार लीटर तेल भरा हुआ था।टैंकर से एक मोटे पाइप द्वारा गोदाम में बने टैंक में शिफ्ट किया जा रहा था।टैंक से बिजली के मोटर से पाइप लाइन के माध्यम से पीपों में भरा जा रहा था।मौके पर इतना ज्यादा मात्रा में तेल देखकर एडीएम ने खाद्य विभाग को मौके पर बुला लिया,साथ ही अन्य अधिकारियों को भी मौके पर बुला लिया। गोदामों में लगे तेल के स्टॉक में लगभग सात अलग अलग ब्रांड के रैपर लगे हुए थे,साथ ही एक लीटर,दो लीटर और पांच लीटर के अलग अलग ब्रांड की पैकिंग की बोतलों के हजारों बोतल गोदाम में रखी थीं ।खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी अलग अलग ब्रांड जिनमें, फॉर्च्यून, रथ, राजधानी, अमृत, रोज, सागर, राजस्थानी,आदि के सैंपल लिए।इसी बीच शाहजहांपुर से पहुंचे व्यापार संगठन ने एडीएम से गोदाम सील नहीं करने की बात की और सैंपलिंग की जांच में पूरा सहयोग करने की बात की।इस पर एडीएम ने सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए।मालूम हो कि विगत पंद्रह वर्षों से चल रही इस फैक्ट्री में काफी बड़े पैमाने पर नकली तेल का कारोबार चल रहा था।लेकिन आजतक किसी को कानों कान खबर तक नहीं हुई।

# फिजियोथेरेपी से मरीजो को मिल रही राहत

- उन्नाव जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रही नई ऊर्जा, बिना दवा के ठीक हो रही पुरानी तकलीफें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। उमा शंकर दीक्षित संयुक्त चिकित्सालय का फिजियोथेरेपी विभाग इन दिनों मरीजों के लिए आशा की नई किरण बन गया है। कमर, गर्दन, कंधे, घुटने और हाथ-पैरों के पुराने दर्द से पीड़ित मरीज जब लंबे समय तक दवा खाने के बाद भी राहत नहीं पा सके, तो उन्होंने इस विभाग का रुख किया और उन्हें अपेक्षित आराम मिला। खास बात यह है कि यहां इलाज पूरी तरह निःशुल्क है और किसी भी प्रकार की दवा नहीं दी जाती, बल्कि आधुनिक तकनीकों और व्यायाम के ज़रिए दर्द का समाधान किया जाता है।

हर दिन आधा सैकड़ा से अधिक मरीज यहां पहुंचकर फिजियोथेरेपी का लाभ ले रहे हैं। नियमित रूप से आने वाले मरीजों ने माना है कि उन्हें पहले सप्ताह से ही आराम मिलना शुरू हो गया। अब वे अपने कामकाज और चलने-फिरने में खुद को पहले से अधिक सहज महसूस कर रहे हैं।

पुराने दर्द का हो रहा समाधान- फिजियोथेरेपी विभाग में कमर, गर्दन, घुटनों, कंधों और मांसपेशियों में होने वाले दर्द व जकड़न के लिए विशेष उपकरणों के माध्यम से उपचार किया जाता है। लकवा, ऑपरेशन के बाद की जकड़न और नसों की कमजोरी जैसे मामलों में भी यह चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो रही है।

न दवा, न सुई ऽ केवल अभ्यास और यंत्रों से राहत- यहां किसी भी प्रकार की दवा नहीं दी जाती। उपचार में गर्म सिकाई, खिंचाव, कंपन और व्यायाम की सहायता से शरीर के अंगों को सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास किया जाता है। नियमित सत्रों से मरीजों को आराम मिल रहा है और उनके जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो रही है।

### प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुला रहता है विभाग

फिजियोथेरेपी विभाग प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होता है। प्रत्येक आने वाले मरीज की समस्या के अनुसार उनकी व्यक्तिगत चिकित्सा योजना तैयार की जाती है।

### प्रशिक्षित चिकित्सक कर रहे उपचार

यह सेवा फिजियोथेरेपिस्ट वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में संचालित हो रही है, जो वर्षों से इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। वे हर मरीज को उसकी अवस्था के अनुसार आवश्यक चिकित्सा देते हैं और आगे की सावधानियों की जानकारी भी देते हैं।

## केन जल महाआरती में माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। विहिम के मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने अवगत कराया कि बांदा के केन घाट पर आयोजित होने वाली केन जल महाआरती कार्यक्रम का मंगलवार की सायंकाल को भव्य आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा माता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती मनाई गई जिसमें सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बता दे कि यह आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति, गंगा समग्र कानपुर प्रांत एवं भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के तौर पर एवं नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के जिला संयोजक महेश प्रजापति ने सभी का समिति की तरफ से स्वागत किया एवं फूल माला पहनाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महारानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं आरती उतार कर की गई। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि माता अहिल्याबाई होलकर का जीवन बहुत ही सादगी भरा रहा है, माता अहिल्याबाई होलकर ने अपने समय में नदी, नहरों, तालाबों की सुरक्षा के लिए कई कार्य किए एवं तमाम देवालयों का जीणीद्धार भी करवाया था, तत्कालीन समय में जो भी देवालय क्षतिग्रस्त कर दिए गए थे उनके जीणीद्धार का कार्य माता अहिल्याबाई होलकर ने किया था।

# बिरयारी में अवैध खनन का काला खेल

- करोड़ों की नोटिस लाखों में सेट, प्रशासन की चुप्पी
- जबरन खेत की मिट्‌टी काट रास्ता बनाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। प्रदेश के बांदा जिले में अवैध खनन का काला कारोबार चरम पर है। एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर केन नदी का सीना चीरकर बालू की लूट मची है। नरैनी तहसील के बरियारी खदान में संचालक संजीव कुमार गुप्ता के कर्मचारियों द्वारा नदी की जलधारा अवरुद्ध कर पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय किसान रमेश तिवारी ने आरोप लगाया कि उनकी खेत की मिट्‌टी जबरन काटकर रास्ता बनाया गया। भारतीय किसान यूनियन ( अराजनैतिक ) के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में किसानों और पत्रकारों ने मौके पर पहुंचकर इस काले कारनामे का पर्दाफाश किया।

वहीं जब पत्रकारों ने बरियारी खदान में खड़े ट्रकों की तस्वीरें और वीडियो लेने की कोशिश की, तो खदान कर्मचारियों ने गुंडागर्दी दिखाते हुए उन्हें रोकने और मोबाइल छीनने की कोशिश की। यह सब गिरवां पुलिस की मौजूदगी में हुआ, जो मूकदर्शक बनी रही। पत्रकारों के सवाल पर कर्मचारियों की खामोशी ने उनकी मंशा को और संदिग्ध बना दिया। पत्रकार अब कर्मचारियों की बदतमीजी और फोटो-वीडियो बनाने से रोकने के खिलाफ सायंकाल होने वाली बैठक में रिपोर्ट दर्ज करने का निर्णय लेंगे। मौके पर पहुंचे किसान नेताओं और पत्रकारों ने देखा कि नदी की धारा अवरुद्ध कर पोकलैंड मशीनों से केन नदी के गर्भ से बालू निकाला जा रहा है। बरियारी खदान में बालू की उपलब्धता न होने के बावजूद यह गैरकानूनी कृत्य बेरोकटोक जारी है। रमेश तिवारी के खेत की मिट्‌टी काटकर रास्ता बनाया गया, जिसे कर्मचारियों ने 5 मीटर खनन की अनुमति का हवाला देकर जायज ठहराने की कोशिश की। तिवारी ने इसे झूठ करार देते हुए जबरदस्ती खनन का आरोप लगाया। पथरी खदान के संचालक निखिल शर्मा को खनिज इंस्पेक्टर गौरव गुप्ता ने 10 लाख रुपये मासिक न देने पर खदान सीज करने की धमकी दी थी। एक सप्ताह बाद खदान पर छापा मारकर भारी जुर्माना ठोका गया। सूत्रों के मुताबिक, करोड़ों की नोटिस को लाखों में सेट करने का गंदा खेल चल रहा है, जिसमें प्रशासनिक मिलीभगत की बू आ रही है। यह सवाल उठता है कि यह डील किसके संरक्षण में हो रही है? बलराम तिवारी ने नरैनी के परगना अधिकारी और जिला अधिकारी को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जिला अधिकारी के पीआरओ ने बताया कि वे अंकाक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष के साथ व्यस्त हैं। चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त ने भी प्रोटोकॉल कार्यक्रम का बहाना बनाया। नायब तहसीलदार आशीष शुक्ला ने बरियारी खदान में बालू न होने की बात स्वीकारी, लेकिन जिम्मेदारी एसडीएम पर डाल दी।

### किसानों का आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

बलराम तिवारी ने कहा कि 22 मई को लखनऊ में प्रमुख सचिव और अन्य विभागों की बैठक में अवैध खनन का मुद्दा उठाया जाएगा। 25 मई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर शिकायत की जाएगी। 27 मई को बांदा के अशोक लाट के नीचे धरना-प्रदर्शन होगा। तिवारी ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो किसान और जनता सड़कों पर उतरेंगे। बांदा में अवैध खनन का यह काला कारोबार पर्यावरण को नष्ट करने के साथ-साथ किसानों की आजीविका पर कुठाराघात कर रहा है।

## बिजली की आवाजाही ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

शुक्लागंज-उन्नाव। बिजली विभाग नगर की व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार काम कर रहा है, जिसके तहत फीडर 2 के विभक्तिकरण का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को पोनी रोड तिराहा के पास डाली गई एचटी केबल के जॉइंट को पोल से जोड़ने का काम किया गया। इस कार्य के लिए दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक फीडर 2 बंद रखा गया। बिजली न होने के कारण फीडर 2 के तहत आने वाले कई मोहल्लों के हजारों घरों में रहने वाले लोग भीषण गर्मी से त्रस्त रहे। कार्यदायी संस्था और बिजली कर्मियों ने मिलकर किसी तरह विद्युतीकरण का काम पूरा किया। हालांकि, उपभोक्ताओं को बिजली कटौती रास नहीं आ रही है। सुबह 5 बजे से 6 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 3रू30 बजे तक की जा रही नियमित रोस्टिंग से भी नगर की लाखों आबादी प्रभावित हो रही है। उस पर से बुधवार को कई बार छोटी-मोटी फाल्टों के कारण बिजली की आवाजाही ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में इतनी लंबी बिजली कटौती असहनीय है और विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

# समर कैंप में छात्र छात्राओं ने बीईओ संग खेला क्रिकेट

- सीडीओ, डीएम और महानिदेशक ने रामपुर के समर कैंप की, की थी सराहना, जनपद के प्रत्येक विकासखंड से दो बेस्ट को किया चयनित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव, विकासखंड औरास के रामपुर गढ़ौवा जूनियर में बीईओ ने शिक्षकों और बच्चों के साथ आज से शुरू हो रहे समर कैंप का उद्घाटन किया। सभी ने योगा और मेडिटेशन के लाभ जानकर आसन किए। बच्चों के साथ बीईओ और शिक्षकों ने पौधों और फुलवारी को कीड़ों से बचाने को राख का छिड़काव किया। सभी ने मिलकर विद्यालय में झाड़ू लगाई और स्वच्छता की शपथ ली। प्रदीप वर्मा ने बच्चों को स्वच्छंद होकर समर कैंप में नवीन गतिविधियों को सीखने को प्रेरित किया। बालक और बालिकाओं के बीच हुए रस्सी खींचतान में बालिकाएं विजई रहीं। बच्चों के बीच चेस, कैरम और लूडो के साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। उपासना ने बीस रन का स्कोर और बीईओ का विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। ग्रीष्मकाल में आयोजित समर कैंप में संजय शुक्ल ने पौधों को सूखने से बचाने के लिए पौधों की सेवा और सिंचाई रोज करने को कहा। बीएसए ने जनपद के दस चुनिंदा समर कैंप में एक रामपुर गढ़ौवा को भी शामिल किया गया है। शिक्षक प्रदीप वर्मा ने पिछले वर्ष भी रामपुर गढ़ौवा में सात दिवसीय कैंप का आयोजन करवाया था जिसकी बीएसए, सीडीओ और जिलाधिकारी के साथ ही महानिदेशक कंचन वर्मा ने भी सराहना की थी। गत वर्ष हुए विद्यालय के आयोजन की तस्वीरों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशिका में संकलित भी किया गया है। प्रधानाध्यापिका शशि देवी और स्टाफ उपस्थित रहा।

# तेज आंधी ने एक ही परिवार के दो सदस्यों की ले ली जान, तीन की हालत गंभीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




निघासन खीरी। निघासन तहसील क्षेत्र के मझगई थाना अंतर्गत छेदुई पतिया गांव में बुधवार सुबह करीब 5 बजे तेज आंधी ने एक परिवार पर कहर बनकर टूट पड़ी। गांव के पतिया फार्म में एक दीवार गिरने से एक ही परिवार के पांच सदस्य मलबे में दब गए। इस दर्दनाक हादसे में रक्षपाल सिंह (45) और उनकी 10 वर्षीय बेटी रमन दीप कौर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार की दो महिलाएं और एक बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

सुबह करीब 5 बजे ग्रामीणों को हादसे की जानकारी हुई तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने रक्षपाल सिंह और उनकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। रक्षपाल सिंह छेदुई पतिया गांव के निवासी थे और खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी बेटी रमन दीप कौर गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा थी।घायलों में राछपाल की दोनों पत्नियों भी शामिल है जो कि बच्चों के साथ घर पर ही थी लगातार उनका भी इलाज अस्पताल में जारी।

## गन्ने के खेती की सिंचाई करने के दौरान दर्दनाक हादसा

अजान खीरी। थाना हैदराबाद की अजान चौकी क्षेत्र के ग्राम विहारीपुर में मंगलवार को खेत की सिंचाई के दौरान एक किसान की पानी के गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक विकास कुमार (35) पुत्र धर्मेश कुमार मूल रूप से थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम सेनपुर निवासी था। वह पिछले दो दशकों से अपने नाना रामेश्वर दयाल पुत्र सीताराम के पास ग्राम विहारीपुर में रह रहा था।मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे वह अपने नाना के गन्ने के खेत की सिंचाई के लिए गया था।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

लखीमपुर खीरी। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एलएलबी पाठ्य क्रम में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए 01 जून से 10 जून के मध्य 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम एवं 20 दिनों के लिए प्रोजेक्ट वर्क का आयोजन लखनऊ जोन में किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसे छात्र-छात्रायें आवेदन कर सकते है, जो कि क्लस्टर जिलों के किसी भी मान्यता प्राप्त लॉ यूनिवर्सिटी/लॉ कॉलेज से 05 वर्षीय कोर्स या 03 वर्षीय एलएलबी लॉ. कोर्स कर रहे है। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद नाथ पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त 10 दिवसीय ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम एवं 20 दिनों के लिए प्रोजेक्ट वर्क में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक छात्र एवं छात्रायें 23-05-2025 तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर, लखीमपुर-खीरी में सांय 05:00 बजे तक अपना अवेदन पत्र जमा कर सकते है।

# तीव्र गर्मी से राहत दिलाने को एडीएम ने किया कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और लू के प्रकोप से आमजन को राहत देने के उद्देश्य से प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में बुधवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप स्थापित कूलिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने मौके पर पहुंचकर कूलिंग प्वाइंट की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, छायादार स्थान, एयर कूलर की कार्यक्षमता तथा बैठने की सुविधा, ओआरएस की उपलब्धता जैसे बिंदुओं की विस्तार से जांच की। निर्देश दिए कि इस गर्मी के मौसम में कूलिंग प्वाइंट पर निर्बाध रूप से ठंडे पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कूलर आदि उपकरणों को नियमित रूप से जांचा जाए ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो। एडीएम ने कहा कि इस प्रकार के राहत केंद्र यात्रियों व राहगीरों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। भीषण गर्मी में ऐसे स्थानों पर कुछ समय बिताकर लोग राहत महसूस करते हैं।निर्देशित किया कि शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे बस अड्डा, प्रमुख बाजार, अस्पताल आदि स्थानों पर भी इसी तरह के कूलिंग प्वाइंट स्थापित किए जाएं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त स्थान पर ठंडी हवा और शीतल पेयजल की सुविधा यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। एडीएम ने आम नागरिकों से अपील की कि वे गर्मी के इस दौर में विशेष सावधानी बरतें। अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें, हल्के व सूती वस्त्र पहनें, और खूब पानी पिएं।

# 23 को अयोध्या आएंगे मुख्यमंत्री योगी, हनुमानगढ़ी में नवनिर्मित मंडपम का करेंगे लोकार्पण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 23 मई को अयोध्या दौरे पर आएंगे। अपने इस दौरे के दौरान वे हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु निर्मित भव्य नवनिर्मित मंडपम का लोकार्पण करेंगे संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास एवं महंत डॉ. महेश दास ने जानकारी दी कि हाल ही में लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया था, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। महंतों ने बताया कि यह मंडपम श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हनुमानगढ़ी परिसर में निर्मित कराया गया है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और मंदिर प्रशासन की ओर से संत-महंतों एवं श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दौरा धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हनुमानगढ़ी के संत-महंतों में इसे लेकर विशेष उत्साह है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क है और तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री को आमंत्रण देने हेतु हनुमानगढ़ी का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ गया था, जिसमें श्री महंत मुरलीधर जी महाराज (निर्वाणी अनी एवं पट्टी हरिद्वार), श्री महंत रामचरण दास जी महाराज (पट्टी बसंतिया), डॉ. महेश दास जी महाराज (गद्दीनशीन हनुमानगढ़ी), श्री गौरी शंकर दास जी महाराज, श्री नंदराम दास जी महाराज, महंत राजेश दास जी महाराज (पट्टी हरिद्वार), सरपंच रामकुमार दास जी महाराज, पुजारी हेमंत दास जी महाराज एवं शिवम श्रीवास्तव (महंत संजय दास के निजी सचिव) सहित कई संत-महंत शामिल रहे।

## कुकरा में गौवंशी पशु को बनाया बाघ ने अपना निवाला



कुकरा खीरी। वन रैंज मैलानी के अंतर्गत जटपुरा चौकी के निकट 20 मई की रात 11 बजे क़स्बा कुकरा निवासी जटपुरा रोड पर स्थित पप्पू पुत्र मुन्ना के छप्परनुमा घर से बाघ ने गौवंशी पशु को बनाया निवाला। सूचना पर वन रेंज मैलानी की वन चौकी जटपुरा व सलेमपुर की वन टीम ने मौका ए वारदात पर पहुंच कर मृत बछड़ा के शव को अपने कब्जे में लेकर सुपुर्दे खाक किया, मौजूद टीम में राजाराम फारेस्टर व हरेंद्र यादव फारेसगार्ड आदि वन टीम ने बाघ को राजा के खेत से खदेड़ कर झबरा नाला ग्राम ढाका की तरफ रवाना कर दिया। क़स्बा की गुंजान आबादी में बाघ के घुसने से क़स्बा सहित क्षेत्र के वासिंदो में दहसत व्याप्त है।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर पर सुन्दरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला छोटी काशी में राधा कृष्ण मन्दिर ज्वाला मन्दिर श्री हनुमान मंदिर पर बाँकेगंज रोड ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को भी राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राकेश कन्नौजिया नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार वैश्य ''बजरंगी'' द्वारा सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ समापन होने के बाद डॉ नरेश सचान के पुत्र आकर्षण वर्मा का जन्मदिन मंदिर परिसर में ही केक काटकर बड़ी धूम धाम से मनाया गया जिसमें उनकी धर्मपत्नी भी साथ में मौजूद रही । अंतर राष्ट्रीय हिंदू परिषद से अंशू वर्मा, अंकित वर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर महामंत्री प्रेमचंद राठौर, बजाज हिंदुस्तान लिमिटेड के पशु चिकित्सक डॉ नरेश सचान, वंदे भारत लाइव टीवी चैनल से राम निवास गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, कमल सिंह अर्कवंशी, प नवनीत सिंह अर्कवंशी, कुमारी आरोही गुप्ता,शिवांशु गुप्ता कुमारी अनुष्का गुप्ता ,ज्वाला प्रसाद गुप्ता परिवार एवं नगर के दर्जनों हनुमान भक्तों ने हिस्सा लिया काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थिथि रही जिन्होंने साथ में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। यह कार्यक्रम लगातार राष्ट्रीय बजरंग दल गोला के द्वारा इसी तरह आगे भी आयोजित किया जाता रहेगा । गोला नगर के हनुमान भक्त इस कार्यक्रम में अगले मंगलवार को भी सुन्दरकाण्ड और हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा ।

## शादी के चार महीने बाद युवक ने लगाई फांसी

उन्नाव। पुरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कटरा में एक 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अंकित पुत्र सरजू के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार, अंकित मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। वह चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। मृतक की शादी महज चार महीने पहले थाना गांव स्थित परमरी गांव की युवती से हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद चलता रहता था। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं पारिवारिक कलहों से परेशान होकर अंकित ने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना मंगलवार रात की है, जब परिजन घर के अन्य हिस्सों में सो रहे थे। देर रात जब घरवालों ने अंकित को नहीं देखा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान उसका शव घर के एक कमरे में फंदे से लटकता मिला।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरु अर्जन देव की शहादत पर अयोध्या में होगा रक्तदान शिविर और छबील सेवा

अयोध्या। सिख धर्म के पांचवें गुरु, शहीदों के सरताज धन धन श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज की महान शहादत को समर्पित कार्यक्रम 30 मई 2025 को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक गोविंद धाम, नजर बाग में आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक जत्थेदार बाबा महेंद्र सिंह जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगत को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही राहगीरों व श्रद्धालुओं के लिए छबील (ठंडे मीठे शरबत की सेवा) भी लगाई जाएगी, जो गुरु अर्जन देव जी की सेवा भावना और बलिदान की स्मृति में समर्पित होगी उन्होंने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। गुरुद्वारे की ओर से सभी श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर भाग लेने और सेवा में सहयोग देने की अपील की गई है।

## धौरहरा नगर पंचायत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

धौरहरा खीरी। लखीमपुर खीरी नगर पंचायत धौरहरा ने शहरवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। अब नागरिक अपनी समस्याओं जैसे सफाई, जल आपूर्ति, सीवर जाम, कूड़ा प्रबंधन आदि के लिए सीधे नगर पंचायत से संपर्क कर सकेंगे। नगर पंचायत ने बताया कि सामान्य समस्याओं के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1533 और नगर पंचायत का हेल्पलाइन नंबर 9208251958 उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा सीवर सफाई संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर 14420 भी जारी किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष नफीस ने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर, प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। ȁहमारा उद्देश्य है कि नगरवासी किसी भी समस्या के समाधान के लिए चौबीसों घंटे हमसे संपर्क कर सकें,ȁ उन्होंने बताया। शहरवासियों ने इस कदम का स्वागत किया है और इसे नगर पंचायत की तरफ से एक सकारात्मक पहल बताया है, जो शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान में मददगार साबित होगी।

## खमरिया सीएचसी द्वारा पुलिस कर्मियों के लिए नि:शुल्क उच्च रक्तचाप जांच शिविर का आयोजन

धौरहरा खीरी। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर बुधवार को खमरिया थाना परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खमरिया की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद पुलिस कर्मियों की रक्तचाप जांच की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व सीएचसी अधीक्षक ने किया। जांच के दौरान जिन कर्मियों का बीपी स्तर सामान्य से अधिक पाया गया, उन्हें अस्पताल में रूटीन जांच कराने तथा जीवनशैली में सुधार लाने के सुझाव दिए गए। यह अभियान पुलिस कर्मियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हृदय रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

## बिजली विभाग की खुली पोल, तो क्या संविदाकर्मियों के भरोसे चल रही थी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार को आए आंधी तूफान ने मौसम को ठंडा किया,लेकिन बिजली विभाग के ऑफिस का पारा बढ़ा दिया।आंधी से बिजली की लाइनों को नुकसान पहुंचा,तो दूसरी ओर बिजली विभाग के संविदाकर्मियों ने छंटनी के विरोध में पहले से ही हड़ताल पर जाने की घोषणा की थी। तेज गति से आए आंधी तूफान ने बिजली विभाग के सरकारी कर्मचारियों की पोल खोलकर रख दिया है। गोला उप केंद्र के कोटवारा फीडर के अंतर्गत करीब 25- 30 गांव भीषण गर्मी के साथ अंधकार में डूबे हैं, जिनमें ज्यादातर मोबाइल उपभोक्ता काफी परेशान हैं।उप केंद्र के जिम्मेदार अधिकारी किसी का भी फोन नहीं उठा रहे हैं।क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों को सही करने की जिम्मेदारी सरकारी कर्मचारियों के जिम्मे थी। दफ्तरों में बैठकर मौज उड़ाने वाले सरकारी कर्मचारियों द्वारा करीब 36 घंटों में भी विद्युत लाइनों को सही नही किया जा सका है।इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्युत विभाग अपने संविदा कर्मचारियों के भरोसे ही चल रहा है।

# विराट भंडारे का आयोजन: नया घाट पर दूसरे बड़े मंगल पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। इस वर्ष भी परंपरा का पालन करते हुए नया घाट पर दूसरे बड़े मंगल के शुभ अवसर पर विराट भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का संयोजन भी टी स्टाल के तत्वावधान में किया गया, जिसमें सुन्नी सोशल फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष काशिफ शेख चौधरी एवं गब्बर पकौड़ी वाले सुनील कैटर्स दर्शन नगर ने सहयोग प्रदान किया भंडारा दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण किया और भक्ति भाव में लीन नजर आए। इस अवसर पर भंडारे का उद्घाटन अयोध्या के कच्चा घाट आरती वाले राजा महाराज ने भगवान हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से किया। मीडिया से बातचीत करते हुए भीम टी स्टाल के प्रोपराइटर भीम निषाद ने बताया, ''यह भंडारा विगत आठ वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। बड़े मंगल के शुभ अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रसाद वितरण कर सेवा का अवसर प्राप्त होता है।'' श्रद्धा, सहयोग और सेवा की भावना से ओतप्रोत इस आयोजन में विभिन्न समुदायों के लोगों ने मिलकर भागीदारी निभाई, जो सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बना इस अवसर पर अर्जुन, लक्ष्मण ,सुग्रीव, पुनवासी , राजबहादुर निषाद सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे एवं भंडारा ग्रहण करने में हजारों लोग उपस्थित रहे।

## एसपी कार्यालय में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस

उन्नाव। आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जन-जागरूकता फैलाना और आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ दृढ़ संकल्प प्रकट करना था। शपथ ग्रहण समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में आतंकवाद और उग्रवाद को समाप्त करने की प्रतिज्ञा की और देश की एकता, शांति और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या बन चुकी है, जो न केवल किसी एक देश की, बल्कि पूरी मानवता के लिए खतरा है।

# छात्राओं के शारीरिक व मानसिक उन्नयन का श्रेष्ट साधन समर कैम्प: भाटी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पलियाकलां खीरी। जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में महानिदेशक स्कूल शिक्षा, लखनऊ के निर्देशानुसार बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं के शारीरिक व मानसिक उन्नयन का श्रेष्ट साधन है समर कैम्प। उन्होंने बताया कि इस शिविर में योग, प्राणायाम, नृत्य, गायन, पाककला, ढोलक वादन, पेंटिंग, सिलाई, मेहंदी व माटी कला की गतिविधियों से छात्राओं का परिवर्धन कराया जायेगा। आज समय सारणी के अनुसार योगाभ्यास की जानकारी, रस्सी कूद व कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।यह शिविर 21मई से 10जून 2025तक चलेगा। जिसमें उल्लेखित सभी गतिविधियां छात्राओं के मध्य आयोजित करायी जाएंगी। कार्यक्रम में विद्यालय की नोडल अधिकारी आकृति गुप्ता, नीलम कश्यप, अर्चना शुक्ला, रचना मिश्रा, अखिलेश वर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# शहीद राजीव गांधी को पुष्पांजलि देते हुए देश के विकास में उनके योगदान को याद किया गया

- राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर लखीमपुर कांग्रेस द्वारा जिले में कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई द्य इसी क्रम में नगर गोला में भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य सर्वप्रथम शहीद राजीव गांधी जी को पुष्पांजलि देते हुए देश के विकास में उनके योगदान को याद किया गया द्य इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने कहा '' राजीव गांधी एक महान नेता थे जिन्होंने भारत के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया द्य राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। राजीव गांधी के नेतृत्व में भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की और देश के विकास के लिए नए रास्ते खोले गए। कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करती है द्य उपस्थित जनों ने एक स्वर में राजीव गांधी के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया द्य कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, रामकुमार वर्मा,मोहम्मद इकबाल , प्रेम वर्मा, सुधीर शुक्ला, मतीन शाह, शेर सिंह पटेल, रमेश चंद्र , विक्रम आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि

- जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष /पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देशानुसार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि जिला एवं शहर कांग्रेस के तत्वाधान में बड़ोखर ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत तिंदवारा ग्राम पंचायत में मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा की गई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा की राजीव गांधी का आत्मीय लगाव जनपद बांदा वासियों से काफी अच्छा था 1985 में कांग्रेस के दिग्गज नेतागण दिल्ली स्थित उनके निवास पर जिले की मूल भूत समस्याओं को लेकर उनसे मिले उन्होंने गर्म जोशी से सबको गले लगाकर 40 मिनट तक वार्तालाप की गई कांग्रेस जनों द्वारा जब यह बतलाया गया कि जनपद बांदा बुंदेलखंड का अति पिछड़ा जिला है बेरोजगारी चरम सीमा पर है तब उनके द्वारा बरगढ़ में ग्लास फैक्ट्री लगवाई गई थी जिसमें करोड़ों की मशीन भी लगी उनके ना रहने पर अन्य सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया कांग्रेस नेता संकटा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा राजीव जी पंचायती राज एवं कंप्यूटर क्रांति के जनक थे । रमेश चंद दुबे ने बतलाया की राजीव गांधी अत्यंत ही सादा और सरल जीवन व्यतीत करने वाले देश में सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, पी सी सी पवन देवी कोरी, शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने संयुक्त रूप से कहा कि पंचायत से संसद तक आज जो भी महिलाएं प्रतिनिधित्व करती दिख रही है वह स्वर्गीय राजीव गांधी की देन है 18 वर्ष की उम्र में वोट डालने का अधिकार कानून में संशोधन कर उन्हीं के द्वारा यह व्यवस्था दी गई थी। इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य, कुन्नू यादव, कालीचरण साहू, सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, अमलेशा अनुरागी, सीमा, बॉबी युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य सिंह, संतोष कुमार द्विवेदी, बी लाल वर्मा, केपी सेन, कालीचरण निगम, शोएब रिजवी, जिलानी दुर्रानी,रफत खान गोगा, अशरफ उल्ला, रम्पा, शिवम त्रिपाठी,अरविंद दीक्षित, राजेश तिवारी, शिवदास विश्वकर्मा, महेश कबीर, लाला, रामकिशोर कबीर, भूरा भाई, अशोक वर्धन कर्ण, रमाकांत निगम, संतोष तिवारी, इंद्रवती, शोभा, शिव दुलारी, राजरानी, शिव प्यारी, दिनेश गुप्ता, ईशू फैज़ खान मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता पप्पू एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कालीचरण साहू द्वारा किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

अतर्रा/बांदा। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को बताया अतुलनीय। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर कस्बे के गांधीनगर में नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय गांधी ने देश के विकास में अतुलनीय योगदान दिया जिसको भुलाया नहीं जा सकता।

# गुजरात टाइटंस की नजरें शीर्ष दो में रहने पर, प्रतिष्ठा के लिये खेलेगा लखनऊ

एजेंसी




अहमदाबाद। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलेगी तो उसका इरादा जीत की लय को कायम रखते हुए शीर्ष दो में जगह पक्की करने का होगा। अब तक 12 मैचों में 18 अंक ले चुकी टाइटंस प्लेआफ में जगह बना चुकी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और पंजाब किंग्स के 17 अंक हैं और शीर्ष दो के लिये मुकाबला रोचक है। गुजरात ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। उसके शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाज आरेंज कैपधारी बी साइ सुदर्शन (617 रन), कप्तान शुभमन गिल (601) और जोस बटलर (500) शानदार फॉर्म में है और अधिकांश मैचों में टीम की जीत के सूत्रधार रहे हैं। तीनों मिलकर 16 अर्धशतक और एक शतक जमा चुके हैं। उनके इस प्रदर्शन के चलते मध्यक्रम को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी है। गुजरात के गेंदबाजों ने भी अनुशासित प्रदर्शन किया है। भारत के प्रसिद्ध कृष्णा सर्वाधिक 21 विकेट ले चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज और बी साइ किशोर को 15 . 15 विकेट मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के बाद निलंबन पूरा करके वापिस आ चुके हैं। दूसरी ओर सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद लखनऊ की प्लेआफ की रही सही उम्मीदें भी ध्वस्त हो गई। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और पूरे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में निरंतरता के अभाव और चोटों से जूझती रही। बल्लेबाजी में टीम विदेशी खिलाड़ियों मिचेल मार्श, एडेन माक्ररम और निकोलस पूरन पर निर्भर करती आई है। पंत पूरे सत्र में नहीं चल सके और मध्यक्रम की नाकामी ने लखनऊ की परेशानी बढा दी। प्रमुख गेंदबाजों की चोटों ने उसका काम और मुश्किल कर दिया। बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरे सत्र से बाहर रहे जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव भी नहीं खेल पाये। आवेश खान और आकाश दीप फिटनेस समस्या से जूझते रहे। पंत ने पिछले मैच के बाद कहा था ,'' यह हमारा सर्वश्रेष्ठ सत्र हो सकता था लेकिन चोटों के कारण हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ा। हमने इसके बारे में बात नहीं करने का फैसला किया था लेकिन उन कमियों को पूरा करना मुश्किल हो गया था।

# भारत के लिये कठिन होगा इंग्लैंड का दौरा : राठौर

एजेंसी





नयी दिल्ली। पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का मानना है कि युवा भारतीय टीम के लिये इंग्लैंड दौरा कठिन होगा जिसके तीन दिग्गज खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शुभमन गिल का टेस्ट कप्तान बनना तय लग रहा है जबकि शीर्ष और मध्यक्रम नया होगा। बीस जून से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र का आगाज होगा। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की छह विकेट से जीत के बाद राठौर ने कहा ,'' यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी रिटायर हो चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। उन्होंने कहा ,'' लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा कि ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो रिटायर हो चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिये। रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच राठौर ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने कल की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है। उसने इतनी परिपक्वता दिखाई है और इस तरह के अनुभव से वह और निखरेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल ने बदल दी मेरी जिंदगी : दिल्ली के हरफनमौला निगम

**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला विपराज निगम का मानना है कि आईपीएल से उनके जीवन में काफी बदलाव आये हैं और दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने से मिली सीख उनके कैरियर को निखारने में काफी काम आयेगी। बीस वर्ष के निगम को दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रूपये में खरीदा था। उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है। सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के बारे में निगम ने कहा ,'' जीवन में कई बदलाव आये हैं। आईपीएल से चीजें बदल जाती है। आपको इतने बड़े सीनियर खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलता है। उनसे और उनके अनुभव से सीखने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा ,'' मेरे लिये ये नये अनुभव हैं और मैं अपने खेल में इस सीख पर अमल करने की कोशिश करूंगा। निगम ने दिल्ली के कोचिंग स्टाफ की तारीफ करते हुए कहा ,'' जब मुझे दिल्ली टीम ने चुना और उससे पहले भी मैने अपने कोचों और प्रबंधन से बात की। उन्होंने मुझे हमेशा कहा कि वे मुझे हरफनमौला के रूप में देखते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट और लीग में मेरी बल्लेबाजी देखी और संदेश साफ था कि दो से चार ओवर फेंकने के अलावा मुझे बल्लेबाजी पर भी फोकस करना है। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के रहने वाले निगम ने कहा ,'' अपने प्रदेश के लिये खेलने के बाद जब मैं राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी गया तो कोचों ने मेरी काफी मदद की। मैं बल्लेबाज के तौर पर गया था लेकिन मैने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों पर फोकस किया।

### बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए पाक टीम में तेज गेंदबाज हसन अली की वापसी

**इस्लामाबाद।** तेज गेंदबाज हसन अली की बांग्लादेश के खिलाफ इस महीने होने वाली घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी हुई है जबकि सीनियर बल्लेबाजों मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की लगातार तीसरी श्रृंखला में अनदेखी की गई। हसन ने लगभग तीन साल में सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है और 2024 में आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में खेले गए इस मैच में उन्होंने तीन ओवर में 42 रन लुटाए थे जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हसन ने पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 15 विकेट चटकाए हैं। रिजवान और बाबर को जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की पिछली दो श्रृंखला से भी बाहर किया गया था क्योंकि टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए अपने शीर्ष क्रम में नए खिलाड़ियों को मौका दे रही है। चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 1-4 से शिकस्त झेलनी वाली टीम में आठ बदलाव किए हैं। तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी, जहानदान खान और अब्बास अफरीदी की जगह हसन, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम को टीम में शामिल किया गया है। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, सईम अयूब और फखर जमां की टीम में वापसी हुई है जबकि ऑलराउंडर फहीम अशरफ और हुसैन तलत को भी एक बार फिर टीम में शामिल किया गया है। तीन मैच की श्रृंखला लाहौर में खेली जाएगी लेकिन तारीखों की अभी घोषणा नहीं हुई है। टीम इस प्रकार है: सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम, इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान और सईम अयूब।

### मानसून के कारण मध्यप्रदेश टी20 लीग अब इंदौर की बजाय ग्वालियर में

**ग्वालियर।** मानसून के आने की संभावना से मध्यप्रदेश टी20 लीग अब 27 मई से 12 जून को इंदौर की बजाय ग्वालियर में खेली जायेगी। इस सत्र के मुकाबले शंकरपुर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम पर होंगे। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इंदौर में मानसून जल्दी आने की संभावना और इंडियन प्रीमियर लीग के देर से खत्म होने के कारण मध्यप्रदेश लीग अब इंदौर की बजाय ग्वालियर में होगी। ग्वालियर में पिछले साल पहला सत्र भी खेला गया था। मध्यप्रदेश लीग के चेयरमैन महाआर्यमन सिंधिया ने कह कि हमारे खिलाड़ियों और प्रशंसकों के दिल में ग्वालियर की खास जगह है और हम वहां लौटकर काफी खुश हैं। दो नयी टीमों और पहली महिला लीग के साथ मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं के लिये इस बार अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर हमें गर्व है।

### पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उतरेंगी भारतीय महिला बॉक्सर

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार भारतीय महिला मुक्केबाज़ अंतरराष्ट्रीय रिंग में उतरने के लिए तैयार हैं। भारतीय बॉक्सर दो बड़े टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन और वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में हिस्सा लेंगी। थाईलैंड ओपन 24 मई से बैंकॉक में खेला जाएगा, जबकि वर्ल्ड बॉक्सिंग कप का आयोजन 30 जून से अस्ताना, कज़ाखस्तान में किया जाएगा। भारतीय बॉक्सिंग फ़ेडरेशन (बीएफआई) की नई चयन नीति के अनुसार, वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में राष्ट्रीय चैंपियन उतरेंगी, जबकि थाईलैंड ओपन में रजत पदक विजेताओं को मौका मिलेगा। यह चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला दोनों वर्गों पर समान रूप से लागू की गई है। ओलंपिक साइकिल के दौरान बीएफआई के राष्ट्रीय कैंप्स में देरी और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को कई बार स्थगित किए जाने के चलते भारतीय मुक्केबाज़ों को एशियन चैंपियनशिप और स्ट्रैंडजा मेमोरियल जैसे अहम टूर्नामेंटों से बाहर रहना पड़ा। पुरुष बॉक्सर्स ने अप्रैल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के ज़रिए वापसी कर ली थी, लेकिन महिलाओं के राष्ट्रीय मुकाबले मार्च के अंत में आयोजित होने के कारण उन्हें देर से मौका मिला। बीएफआई के चुनाव फिलहाल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हैं। ऐसे में विश्व बॉक्सिंग संस्था द्वारा गठित अंतरिम समिति भारतीय मुक्केबाज़ी से जुड़ी सभी गतिविधियों का संचालन कर रही है। भारतीय महिला बॉक्सर्स की यह वापसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके लिए एक अहम अवसर होगी, जहां वे अपने कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकेंगी।

## अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

बेंगलुरू, 21 मई (भाषा) भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के लिये अर्जेंटीना रवाना हो गई जहां रोसारियो में 25 मई से दो जून तक यह टूर्नामेंट खेला जायेगा। इस साल चिली में एफआईएच जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा अर्जेंटीना, उरूग्वे और चिली की टीमें खेलेंगी। भारत को हर टीम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। तुषार खांडेकर की कोचिंग में भारतीय टीम की कमान निधि के हाथ में होगी जबकि हीना बानो उपकप्तान होंगी। पहले दौर में भारत 25 मई को चिली से, 26 मई को उरूग्वे और 28 मई को अर्जेंटीना से खेलेगा। कप्तान निधि ने कहा ,'' हम इस टूर्नामेंट को लेकर काफी रोमांचित हैं। हम अभ्यास पर काफी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद है कि वह प्रदर्शन में नजर आयेगा। मजबूत टीमों से खेलकर हमारे प्रदर्शन में सुधार होगा।

# पीकेएल 2025: गुजरात जाइंट्स के जयवीर शर्मा बने नए हेड कोच

एजेंसी




अहमदाबाद। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की प्लेयर ऑक्शन 31 मई से एक जून तक होने वाली है। इसके पहले, अदानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जाइंट्स ने नए सत्र के लिए रणनीतिक बदलाव करते हुए अपनी कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया है। जयवीर शर्मा को गुजरात जाइंट्स का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है, जबकि वरिंदर सिंह संधू असिस्टेंट कोच की भूमिका निभाएंगे। तीन दशकों से अधिक अनुभव वाले जयवीर भारतीय कबड्डी के सबसे सम्मानित कोचों में से एक हैं। वह चैंपियनशिप जीतने वाले कोच हैं और उनके पास शानदार रिकॉर्ड के साथ गहन तकनीकी समझ भी है। 1992 से स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के साथ काम कर रहे जयवीर ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के करियर को आकार दिया है। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी वर्ल्ड कप और कई बड़े टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल जीते हैं। जयवीर शर्मा ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, ल्लगुजरात जाइंट्स का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। मैं टीम में एक निडर और विनम्र सोच विकसित करना चाहता हूं, ताकि हम पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदार बन सकें। अदानी स्पोर्ट्सलाइन का धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और यह अवसर दिया। मैं ऑक्शन और टीम बनाने के लिए उत्सुक हूं। 2017 से पीकेएल में खेल रही गुजरात जाइंट्स ने कई सितारों जैसे रोहित गुलिया, सचिन तंवर, सुनील कुमार, पर्वेश भैंसवाल और पवन सहरावत को निखारा है, जो लीग के अहम खिलाड़ी बन गए हैं। गुजरात जाइंट्स को युवा कोचिंग टैलेंट को मौका देने का भी गर्व है। इसका उदाहरण है मनप्रीत सिंह, जो अब तक पीकेएल के सबसे सफल कोचों में से एक हैं। इस परंपरा को जारी रखते हुए वरिंदर संधू को टीम में शामिल किया गया है। वरिंदर के पास 17 साल भारतीय सशस्त्र बलों में सेवा का अनुभव है। वे नेतृत्व, अनुशासन और आधुनिक तकनीकी कौशल लेकर आए हैं। वरिंदर जयवीर के मार्गदर्शन में पीकेएलकी दुनिया में कदम रखेंगे। वरिंदर भारतीय महिला कबड्डी टीम के हेड कोच रह चुके हैं और 19वें एशियाई खेल 2023 (हांग्जो, चीन) और 6वें एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2025 (ईरान) में कई ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीताए हैं। उन्होंने पंजाब राज्य टीम और भारतीय वायु सेना को भी नेशनल गेम्स 2023 और 2025 में कोचिंग दी है। वरिंदर ने कहा, गुजरात जाइंट्स परिवार का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं। यह दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग का हिस्सा बनने का शानदार मौका है। मैं पहली बार खिलाड़ी ऑक्शन का अनुभव लेने को उत्सुक हूं और नई टीम बनाने में मदद करना चाहता हूं। मैं हेड कोच जयवीर के साथ मिलकर टीम की सफलता में योगदान दूंगा। अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अदेसरा ने नए कोचिंग स्टाफ का स्वागत करते हुए कहा, ल्लहम जयवीर शर्मा और वरिंदर सिंह संधू को गुजरात जाइंट्स परिवार में शामिल करके खुश हैं। दोनों के पास बेहतरीन कोचिंग अनुभव और काबिलियत है, जो टीम को खिताब तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने आगे कहा, अदानी स्पोर्ट्सलाइन का दर्शन है कि युवा खिलाड़ियों और कोचों को सही मंच देना चाहिए ताकि वे तरक्की कर सकें। वरिंदर संधू का टीम में आना, हेड कोच जयवीर के नेतृत्व में, हमारे लिए एक मजबूत भविष्य की ओर कदम है।

## विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाजी सिमरनजीत कौर पेशेवर बनीं

नयी दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज सिमरनजीत कौर पेशेवर बनने वाले भारतीय मुक्केबाजों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। एशियाई चैंपियनशिप की दो बार की पदक विजेता 29 साल की सिमरनजीत ने तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पूर्व अमेरिकी पेशेवर मुक्केबाज रॉय जोन्स जूनियर और भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा से अनुबंध करके पेशेवर मुक्केबाजी से जुड़ने का फैसला किया। मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 65 किग्रा वर्ग में उप विजेता रहीं सिमरनजीत इस साल पेशेवर बनने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता निशांत देव और अमित पंघाल पेशेवर सर्किट से जुड़ चुके हैं। इससे पहले 2008 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह, विकास कृष्ण, सरिता देवी और नीरज गोयत भी पेशेवर बन चुके हैं।

# दमदार लिवाली से शेयर बाजार में उछाल

एजेंसी



मुंबई, 21 मई (वार्ता) विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बीते दिवस भारी बिकवाली से कोहराम झेल चुके घरेलू शेयर बाजार ने आज नीचे भाव पर मजबूत शुरुआत की और चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी करीब एक प्रतिशत उछल गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स खबर लिखे जाने तक 744.94 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,931.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 220.35 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,904.25 अंक पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और खबर लिखे जाने तक 81,255.73 अंक के निचले जबकि 81,950.12 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 60 अंक चढ़कर 24,744.25 अंक पर खुला और 24,692.65 अंक के निचले जबकि 24,941.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार में बढ़ती अनिश्चितता और जोखिम ने निवेशकों की उम्मीदों पर पानी फ़ेर दिया है। एफआईआई द्वारा मंगलवार को 10,016 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली मई में अब तक की उनकी मजबूत खरीददारी के बिल्कुल विपरीत मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह बिकवाली का रुझान जारी रहा, तो बाजार पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है।

एफआईआई गतिविधियों में इस अचानक बदलाव के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारकों का सम्मिलित असर देखा जा रहा है। इनमें अमेरिका की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में गिरावट और इसके चलते अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेज उछाल प्रमुख है। इसके अलावा जापान में 30-वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड 3.14 प्रतिशत तक पहुंच गई है जबकि अमेरिका की 30-वर्षीय यील्ड हाल ही में पांच प्रतिशत तक बढ़ गई थी। इन दोनों घटनाओं ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में बेचैनी पैदा कर दी है। इसके अलावा भारत के कुछ हिस्सों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि और ईरान पर संभावित इज़राइल हमले की अटकलों ने भू-राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है। ऐसे माहौल में निवेशक घटनाओं के और स्पष्ट होने का इंतजार कर सकते हैं, जिससे निकट अवधि में बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है। हालांकि, इन घटनाओं का तात्कालिक प्रभाव सीमित हो सकता है लेकिन इसके मध्यम और दीर्घकालिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञ निवेशकों को सतर्कता बरतने और पोर्टफोलियो प्रबंधन में सावधानी रखने की सलाह दे रहे हैं।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर एक साल से अधिक के उच्चस्तर 3.5 प्रतिशत पर

लंदन। ब्रिटेन में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर एक साल से अधिक के उच्चतम स्तर पर 3.5 प्रतिशत पहुंच गयी। मुख्य रूप से ऊर्जा और पानी जैसे घरेलू बिल बढ़ने से महंगाई दर बढ़ी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर अप्रैल में में 3.5 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 2.6 प्रतिशत थी। अप्रैल की महंगाई दर जनवरी, 2024 के बाद से सबसे अधिक है। इतना ही नहीं यह वृद्धि अक्टूबर, 2022 के बाद से सबसे बड़ी है। उस समय रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा संकट चरम पर था। अर्थशास्त्रियों ने महंगाई दर में बड़ी वृद्धि का अनुमान जताया था। इसका कारण अप्रैल में घरेलू बिलों में वृद्धि है। साथ ही कंपनियों पर उच्च कर का प्रभाव और न्यूनतम मजदूरी में काफी वृद्धि भी इसका कारण है।

# ईपीएफओ ने मार्च 2025 के दौरान 14.58 लाख सदस्य जोड़े



नई दिल्ली। सेवानिवृति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च महीने के दौरान कुल 14.58 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 1.15 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ ने इस साल मार्च में करीब 7.54 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। यह फरवरी, 2025 की तुलना में यह आंकड़ा 2.03 फीसदी और मार्च 2024 की तुलना में 0.98 फीसदी अधिक है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि नए सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभ के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल जागरूकता कार्यक्रमों के कारण है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर व्यक्ति युवा हैं। आंकड़ों के मुताबिक नए सदस्यों में 18-25 आयु वर्ग के 4.45 लाख सदस्य थे, जिससे नए सदस्यों में इनकी हिस्सेदारी 58.94 फीसदी रही। इसके अलावा मार्च 2025 में 18-25 आयु वर्ग के कुल सदस्यों की संख्या में मासिक आधार पर 4.21 फीसदी और सालाना आधार पर 4.73 फीसदी की वृद्धि हुई। इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले ज्यादातर व्यक्ति युवा हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मार्च 2025 में करीब 7.54 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। फरवरी, 2025 की तुलना में यह आंकड़ा 2.03 फीसदी और मार्च 2024 की तुलना में 0.98 फीसदी अधिक है।

## रियल एस्टेट बाजार में इस समय 'एकीकरण की तिकड़ी' सक्रिय: अभिषेक लोढ़ा

नयी दिल्ली। मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने कहा है कि भारतीय संपत्ति बाजार में 'एकीकरण की तिकड़ी' देखने को मिल रही है, जिसमें उपभोक्ता, ऋणदाता और भूस्वामी कुछ प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनियों के ही साथ काम करना पसंद कर रहे हैं। अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल मैक्रोटेक डेवलपर्स के शीर्ष अधिकारी का मानना है कि संपत्ति बाजार में यह एकीकरण लंबे समय तक जारी रहेगा। लोढ़ा ने मांग सुस्त पड़ने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर कहा, ''हमें लगता है कि इस समय एकीकरण की तिकड़ी काम कर रही है। यह उपभोक्ता, ऋणदाता और भूमि मालिक तीनों पक्षों पर होने वाला एकीकरण है। तीनों पक्ष केवल गिने-चुने डेवलपर के ही साथ काम करना चाहते हैं। विश्लेषकों के साथ चर्चा में लोढ़ा ने कहा, ''यह बहुत स्पष्ट है कि इस एकीकरण को अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है, और यह लंबे समय तक चलता रहेगा। इस क्षेत्र में एकीकरण का दौर अभी खत्म नहीं होने वाला है। संपत्ति सलाहकारों के मुताबिक, कोविड महामारी के बाद भारतीय रियल एस्टेट में उपभोक्ताओं को घर देने के बढ़िया रिकॉर्ड वाले प्रतिष्ठित बिल्डरों की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा है। मांग सुस्त पड़ने से जुड़ी चिंताओं पर लोढ़ा ने कहा, ''मुझे लगता है कि सुस्ती किसी एक खंड तक सीमित होगी और सभी खंड तक नहीं फैली है।

# सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी से उछला सोना, चांदी भी हुई लखपति

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 1,740 रुपये से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 1,900 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये से लेकर 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,300 रुपये से लेकर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्यता का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भारतीय सेना के शौर्य के नारे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य शौर्य को नमन करते हुए बुधवार को यूनियन इंटर कॉलेज, रामनगर के प्रांगण से एक विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने की। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ एनसीसी के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को मारकर साहस का परिचय दिया है। इसी गर्व के पल को समर्पित यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है, जिसमें हजारों कार्यकर्ता और लोग शामिल हुए हैं। यात्रा सुबह 9 बजे देशभक्ति गीतों की धुन पर हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए यह शोभायात्रा यूनियन इंटर कॉलेज से आरंभ होकर पीजी कॉलेज रामनगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर तक पैदल निकाली गई। यात्रा में भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। लोगों के भीतर देशभक्ति की भावना साफ झलक रही थी। पीजी कॉलेज रामनगर के प्रोफ़ेसर डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा के नेतृत्व में कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राएं भी इस तिरंगा यात्रा का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर विवेकशील, नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर, तहसीलदार महिमा मिश्रा, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे, सब इंस्पेक्टर नीतू अंजलि, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष चंद्र यादव सहित भाजपा नेता शेखर हरायण, प्रवेश कुमार शुक्ला, इंद्रमणि उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष कमलेश शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, मनोज वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रानी रावत, पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी, ललित वर्मा, कपिल पांडे, अजय कुमार पांडे सहित कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

## वाराणसी: तिरंगा यात्रा की तैयारियों को जिलाधिकारी ने परखा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आगामी 24 मई को निकलने वाले विशाल तिरंगा यात्रा की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। बुधवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण कर तिरंगा यात्रा की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इसके बाद उन्होंने मातहत अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यापीठ के अधिकारियों से रूट चार्ट, ट्रैफिक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, वीवीआईपी लोगों को ठहराने की व्यवस्था, यात्रा में शामिल लोगों के प्रवेश तथा निकास द्वार पर खास ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों जगहों पर भीड़ न जुटे इसका ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने काशी विद्यापीठ के खेल मैदान की साफ़ सफाई कराने, मार्किंग और लाइन अप की गैदरिंग आने वाले लोगों की संख्या के सही सर्वे कराने का निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा भवन व गेट नंबर चार के सामने के मैदान की साफ़ सफाई कराने और वीवीआईपी को ठहराने के लिए कस्तूरबा भवन, राज्यपाल भवन और गांधी अध्ययन केन्द्र में व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अपर नगर आयुक्त को साफ-सफाई समेत कार्यक्रम स्थल पर पानी की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी और एसएलएओ, सिटी मजिस्ट्रेट को छोटी-बड़ी सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस दौरान सीडीओ हिमांशु नागपाल, एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, एडीएम एफ आर वंदिता श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट रविशंकर सिंह, एसडीएम सदर, डीआईओएस सहित अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

## गाजियाबाद : पुलिस व बदमाशों के बीच चली गोलियां



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार बुधवार की रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ में 50हजार रुपये के इनामी तस्कर समेत 4 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से दो गौतस्कर तथा एक साथी लुटेरा घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लूट की पहली घटना टीला मोड़ थाना क्षेत्र में जबकि दूसरी घटना भोजपुर थाना क्षेत्र में हुई है। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि बीती रात्रि थाना टीला मोड व स्वाट टीम क्राइम ब्रांच द्वारा संयुक्त रूप से ऑक्सी होम सोसायटी के सामने भोपुरा की ओर जाने वाली सड़क पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान टीला मोड की तरफ से तेजी से आ रही मोटर साइकिल को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्ति ने मोटर साइकिल को कुटी के जंगल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी द्वारा रूकने को कहा और इनका पीछा किया तो तेजी व हड़बड़ी के कारण मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपने पीछे आते देख एक बदमाश ने दूसरे से कहा कि पुलिस है चला गोली। इस पर दूसरे व्यक्ति ने तुरंत पुलिस पार्टी को निशाना बनाते हुये जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस पार्टी द्वारा भी फायर किये, जिससे दोनों बदमाश घायल होकर गिर पड़े। घायल बदमाशो को हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम लुकमान कुरैशी निवासी मौ नाला कस्बा संभल थाना कोतवाली संभल जिला संभल (हाल पता डिलाइट के पीछे दिल्ली)तथा दूसरे ने अपना नाम अरकम निवासी कुरैशियान खानजादा वाली गली हसनपुर थाना हसनपुर जिला अमरोहा बताया। जिनके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस तथा थाना शालीमार गार्डन गाजियाबाद पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद हुई है। लुकमान कुरैशी थाना ट्रोनिका सिटी से गौकशी की घटना में वांछित चल रहा था एवं माह दिसंबर 2024 में काका फार्म हाउस के पीछे थाना क्षेत्र टीला मोड में हुई गौकशी की घटना में वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। लुकमान पर जनपद एटा, सम्भल, मुरादाबाद, गाजियाबाद में गौकशी के कुल 06, गैंगस्टर एक्ट का 01, हत्या के प्रयास का 01 अभियोग कुल 08 अभियोग एवं अरकम पर गुजरात, यूपी, दिल्ली चोरी, गौकशी कुल 22 अभियोग पंजीकृत है।

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जालौन में पैंप कैनाल का भूमि पूजन किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जालौन। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जिले के दौरे पर है। बुधवार को उन्होंने माधौगढ़ तहसील के महोई ग्राम में पैंप कैनाल का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पंप कैनाल के बनने से हजारों एकड़ जमीन सिंचित होगी और क्षेत्र के किसानों को भरपूर पानी मिलेगा। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि पंप कैनाल योजना मध्यप्रदेश की सीमा से लगी हुई है और इसका लाभ हजारों किसानों को सीधे मिलेगा। इससे बीहड़ क्षेत्र में भी खुशहाली आएगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस पंप कैनाल के बनने से क्षेत्र में किसानों की जिंदगी में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है और काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रहे बुंदेलखंड को राहत मिली है। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री का माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन के साथ जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने जोरदार स्वागत किया। क्षेत्रीय किसानों ने जल शक्ति मंत्री एवं विधायक माधौगढ़ का आभार प्रकट किया।

### बलिया में व्यापारी नेता को गोली मारकर बाइक सवार फरार

बलिया। जिले की नगर कोतवाली क्षेत्र के कासिम बाजार में बुधवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे के बाइक सवार दो बदमाशों में व्यापारी नेता को गोली मार दी। सूचना पहुंची पुलिस ने घायल व्यापारी नेता को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए हमलावारों की तलाश शुरू कर दी है। अरुण कुमार गुप्ता (55) की क़ासिम बाजार में दवा की दुकान है। वह व्यापारी नेता भी है। आज सुबह वह अपनी दुकान के पास खड़े थे। तभी अचानक एक बाइक पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और व्यापारी नेता को गोली मार दी। उन्हें कमर के नीचे करीब दो गोली लगी हैं और लहुलूहान हालत में गिर पड़े। अपर पुलिस अधीक्षक अध्यक्ष कृपा शंकर, सीओ सिटी श्यामकांत व नगर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंचे। व्यापारी नेता को अस्पताल में भर्ती कराते हुए घटना की जानकारी ली। वहीं घटना को लेकर व्यापारी नेता का हाल जानने के लिए अस्पताल में भीड़ जमा हो गई।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


## बलिया : परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प की रंगारंग शुरुआत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बलिया। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बुधवार से समर कैम्प की शुरुआत हो गई। स्कूलों में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्साह से कैम्प में भाग लिया। पहले दिन कहीं योग तो कहीं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के जूनियर हाई स्कूल सुजानीपुर में बुधवार को समर कैम्प की शुरुआत हर्षोल्लास के साथ हुई। कैम्प का उद्घाटन खंड शिक्षधिकारी राजीव गंगवार और प्रधान वीरेन्द्र मिश्र ने शिक्षकों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के पहले दिन विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने चित्रकला, शारीरिक व्यायाम, योग, हस्तकला व कहानी लेखन जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षकों ने बताया कि समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। बीईओ राजीव गंगवार और प्रधान वीरेंद्र मिश्र के हाथों कॉपी-पेन पाकर बच्चे चहक उठे। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प के दौरान बच्चों को पाठ्यक्रम से इतर ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़े और सीखने की रुचि विकसित हो। उन्होंने कहा कि समर कैम्प में बच्चों को योग, कहानी लेखन, चित्रकला, नृत्य और विज्ञान प्रयोगों की दी जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस पहल को अभिभावकों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। विद्यालय परिवार ने बच्चों की भागीदारी और उत्साह को देखते हुए समर कैम्प को और रोचक एवं उपयोगी बनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर सुनील पाण्डेय, अनुराग रंजन तिवारी, मनीष कुमार, विद्याशंकर तिवारी, टुन्नू तिवारी, बालकृष्ण यादव, यादवेदु यादव, प्रभाकर राय व प्रकाश पाण्डेय आदि थे।

## माधौगढ़ में विकास कार्यों में धांधली: ठेकेदार द्वारा मानक विहीन कार्य करने का आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जालौन। माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के माधौगढ़ नगर के मालवीय नगर वार्ड नंबर 2 में विकास कार्य चल रहा है, जिसमें वार्ड वासियों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री का उपयोग करने का आरोप लगाया है। वार्डवासियों ने बताया कि एजिंग बनाने में एक नंबर की जगह 3 नंबर का ईंटा लगाया जा रहा है और मसाला 6,1 की जगह 15,1 का लगाया जा रहा है, जिससे एजिंग बहुत जल्द ध्वस्त हो जाएगी और वार्ड वासियों को फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस मामले में जब मालवीय नगर वार्ड 2 के सभासद अरविंद सिंह सेंगर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस कार्य की उन्हें कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर वार्डवासियों के साथ ठेकेदार के द्वारा धोखा किया जा रहा है और सही कार्य नहीं किया जा रहा है तो इस पर जरूर उच्च अधिकारियों को संज्ञान में देकर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं अधिशाषी अधिकारी से इस विकास के कार्य के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठाया और कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इससे सवाल उठने लगे हैं कि क्या अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से विकास कार्यों में धांधली की जा रही है? इस मामले में देखा जा रहा है कि सरकार की स्वच्छ छवि को ठेकेदार धूमिल करने में लगे हुए हैं। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा लाखों रुपए खर्च करके विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार अपनी जेब गर्म करते हैं और अधिकारियों के साथ मिलकर बंदरबाट करके लिपा पोती करते हैं।

## मुठभेड़ में जानलेवा हमले के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, गोली लगी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण व एसओजी पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात्रि जानलेवा हमले के तीन अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल तीनों अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 16 मई की रात्रि में देशदीपक यादव पर मयंक उर्फ सचिन व उसके साथियों द्वारा हत्या करने की नीयत से फायर किया गया था। पीड़ित ने मंगलवार को थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों का गठन किया गया था।

उन्होंने बताया कि थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह व एसओजी प्रभारी अमित तोमर पुलिस टीम के साथ मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना मिली कि जानलेवा हमले के वांछित अभियुक्तगण थाना क्षेत्र दक्षिण में बिहारीपुर से लालऊ की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने बिहारीपुर लालऊ रोड़ पर सघन चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान 07-08 संदिग्ध व्यक्ति पैदल आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में तीन संदिग्ध व्यक्तियों के पैर में गोली लग गयी। जिससे वह घायल हो गये तथा 04-05 संदिग्ध व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान मयंक उर्फ सचिन पुत्र राजेश भारद्वाज, अमन पण्डित पुत्र अश्वनी शर्मा निवासीगण नई बस्ती थाना दक्षिण व रोहन यादव पुत्र अजय निवासी कोटला मौहल्ला नई बस्ती थाना दक्षिण के रूप में हुई है जो कि जानलेवा हमले की घटना के वांछित अभियुक्त है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी पिस्टल 32 बोर, 5 खोखा, 10 जिंदा कारतूस 32 बोर, 2 अवैध तमंचा, 12 जिन्दा, 8 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही जा रही है।

# रामनगर में पुलिस ने मुठभेड़ में 06 बदमाशों को पकड़ा, तीन बदमाश घायल

- श्री संकटमोचन मंदिर के महंत के आवास पर हुई भीषण चोरी में शामिल रहे, करोड़ों के जेवरात और रुपये के बंटवारा के समय अचानक पहुंची पुलिस





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। श्री संकट मोचन मंदिर के महंत और आईआईटी बीएचयू के प्रोफ़ेसर विश्वम्भरनाथ मिश्र के आवास पर हुई बड़ी चोरी मामले में शामिल बदमाशों को पुलिस ने रामनगर कोदोपुर में मुठभेड़ के दौरान दबोच लिया। मंगलवार देर रात हुई मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गोली भी लगी है। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी गए जेवरात भी बरामद कर लिए। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने देर रात ही पत्रकारों को मुठभेड़ की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते रविवार को श्री संकटमोचन मंदिर के महंत और आईआईटी बीएचयू के प्रोफ़ेसर विश्वम्भर नाथ मिश्र के तुलसी घाट स्थित स्थित आवास से पूर्वाह 11 से दोपहर एक बजे के बीच गहनों और नगदी की चोरी हुई थी। इस मामले की छानबीन के लिए गठित 11 पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में लगी हुई थी। छानबीन में पुलिस टीम ने महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र के आवास और आसपास लगे लगभग 140 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। चोरी से पहले बदमाशों ने घाट पर बैठकर प्लानिंग की थी। इस दौरान मंहत आवास के पूर्व तीन कर्मचारी भी सीसीटीवी कैमरे में दिखे। पुलिस उनकी शिनाख्त के बाद गिरफ्तारी के लिए दबिश में जुटी हुई थी। इसी दौरान देर रात सूचना मिली कि महंत आवास पर हुई चोरी में शामिल बदमाश रामनगर कोदोपुर में चोरी गए गहनों के बंटवारे के लिए मौजूद है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाही कर मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर ली। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम की जबाबी कार्रवाही में तीन बदमाशों को गोली लगी तो वे चीखते हुए गिर पड़े। पुलिस टीम ने तीनों को तत्काल दबोच लिया और भाग रहे चार बदमाशों में तीन को पुलिस कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। वहीं, एक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। डीसीपी काशी जोन ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान घायल बदमाशों में चैनपुर जिला कैमूर बिहार निवासी विक्की तिवारी पुत्र कृष्णा तिवारी,जितेन्द्र सिंह उर्फ गोलू पटेल पुत्र स्व.श्याम सुंदर सिंह,राकेश दुबे पुत्र स्व.रामजन्म दुबे है। वहीं, पकड़े गए बदमाशों में भगवानपुर लंका वाराणसी निवासी दिलीप उर्फ बंशी चौबे पुत्र राधेश्याम चौबे,फुलवा मउ जिला फतेहपुर निवासी अतुल शुक्ला पुत्र अनिल शुक्ला,खानपुर जिला देवरिया निवासी शशि पुत्र वीरेन्द्र मद्धेशिया हैं। फरार बदमाश सुरेन्द्र बताया गया। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस और चोरी का माल बरामद कर लिया गया है।